

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 26 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-07 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-148 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# छग सरकार ने सीबीआई को सौंपा महादेव सट्टा एप का मामला

## गृहमंत्री विजय शर्मा बोले - विदेश से भी भारत लाए जाएंगे आरोपी

**रायपुर,26 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव सट्टा एप का मामला सीबीआई को सौंपा है. महादेव सट्टा एप को लेकर कुल 70 केस दर्ज हैं. इन सारे प्रकरण सीबीआई को सौंपा गया है. इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. इसकी जानकारी डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने दी है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, 70 केस महादेव एप के संदर्भ में दर्ज थे. ईओडब्लू में भी केस था. एक से बढ़कर अनेक प्रदेशों का ये मामला है. कुछ मुख्य आरोपी विदेश में भी है, ऐसी जानकारी है. सारे विषयों को देखते हुए सारे प्रकरण सीबीआई को सौंप दिया गया है. अब सीबीआई इस पर गंभीरता से जांच करेगी और कठोरता के साथ इस पर कार्रवाई होगी. विदेशों में भी जो लोग है उनको भी भारत लाया जाएगा. बता दें कि इस मामले में अब तक ईडी ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है.

ईडी करीब 16 महीने से महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही है. प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान ईडी ने आरोप लगाया था कि सिंडिकेट को संरक्षण देने वालों में उच्च पदस्थ राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं. ईडी के अनुसार, इस मामले में करीब 6,000 करोड़ रुपए की आय का अनुमान था. ईडी, ईओडब्लू के अलावा महादेव ऐप केस में एसईबीआई भी जांच कर रही है. ईडी की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि महादेव सट्टा ऐप प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी ने सट्टेबाजी की काली कमाई को सफेद करने शेयर मार्केट में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है. इसकी जांच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड कर रही है. महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने अब तक रायपुर की अदालत में तीन अभियोजन शिकायतें (चार्जशीट) दायर की है. इस मामले में ईडी ने राज्य में पहले भी कई छापे मारे हैं. ईडी ने पहले भी कहा है कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप में उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है. छत्तीसगढ़ से ऐप के दो मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल आते हैं. इस मामले में ईडी ने अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है. महादेव सट्टा ऐप सट्टे के लिए बनाया गया है. इस पर यूजर पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम नाम के लाइव गेम खेलते हैं. ऐप के जरिए क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और चुनाव जैसे खेलों में भी अवैध सट्टा लगाया जाता है. अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिए ऐप का जाल तेजी से फैला. सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खोले गए.



रायपुर। आलोपी नगर,टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। आज जन्माष्टमी पर दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा

## संक्षेप

### दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

**अंबिकापुर,26 अगस्त।** शहर के ईरानी मोहल्ले में बीती देर रात मामूली विवाद के चलते दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। तनाव को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**धरसीवा,26 अगस्त।** रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृत की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही. प्रत्यक्ष दर्शी डोमेश्वर साहू ने बताया कि वह सिलतरा की फैक्ट्री में काम करने जा रहा था, उसके कुछ दूर आगे एक दोपहिया भी रायपुर की तरफ जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उस दोपहिया को टक्कर मारी और रौंदते हुए फरार हो गया. उसने मृतक और उसके दोपहिया का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर किया, ताकि मृतक की शिनाख्त हो सके. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. 112 वाहन से मृतक का शव धरसीवा के चीर घर लाया गया. मृतक का बाइक नंबर सीजी 22 व्ही 9510 है. मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं.

### केंद्र ने लद्दाख में बनाए 5 नए जिले

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लद्दाख में पांच नए जिलों की स्थापना की घोषणा की है. पांच नए जिलों में ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग शामिल हैं. इन जिलों से सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार और सरकारी पहल को दूरदराज के इलाकों में रहने वाले स्थानीय लोगों के करीब लाने की उम्मीद है. लद्दाख प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, अब तक केंद्र शासित प्रदेश में दो जिले बने हैं - लेह और कारगिल. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा. ÷एक विकसित और समृद्ध लद्दाख बनाने के पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए, गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश में पांच नए जिले बनाने का फैसला किया है. नए जिले, ज़ांस्कर, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग, हर गली-मोहल्ले में शासन को मजबूत करके लोगों के लिए लाभ को उनके दरवाजे तक ले जाएंगे.

### डबरी में डूबने से दो मासूमों की मौत

**जगदलपुर,26 अगस्त।** शहर के भानपुरी थाना क्षेत्र के पिपलावांड गांव से एक दुखद खबर सामने आई है। जहां दो बच्चों की डबरी में डूबने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब माँ अपने बच्चों के साथ नल से पानी भरने गई थी। बच्चे खेलते-



खेलते डबरी के पास पहुंच गए, और जब माँ ने उन्हें आसपास नहीं देखा, तो उसने उन्हें आवाज लगानी शुरू की। बच्चों को ढूंढने के लिए गाँव के लोग एकत्र हो गए और काफी खोजबीन के बाद अचानक डबरी में दोनों बच्चों के शव तैरते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों बच्चों को डबरी से निकलकर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया है।

# जिसने साथ बैठकर शराब पी उसी ने कर दी सरपंच की हत्या

**बालोद,26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के खेरथा बाजार के सरपंच की हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, सरपंच ने अपने दोस्त पोस्टमैन के घर बैठकर उसके साथ ही शराब पी। फिर उसकी पत्नी पर बुरी नीयत डालने लगा। इससे नाराज होकर सरपंच के दोस्त पोस्टमैन रामजी प्रजापति ने गला रेतकर सरपंच की हत्या कर दी। दरअसल यह पूरा मामला डौंडी लोहारा ब्लाक के खेरथा बाजार की है। जहां पर देर रात सरपंच विक्रम सिन्हा की निर्मम हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार सरपंच का गला रेतकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच शुरू करते ही बड़ा खुलासा हो गया। सरपंच का खून से सनी हुई लाश उसके पोस्टमैन दोस्त के घर के बेडरूम में मिला था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस फॉरेसिंक टीम ने मामले को जांच कर मामले में लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के भेजा। वहीं इस मामले में बेडरूम में मौजूद मृतक सरपंच के दोस्त पोस्टमैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रसव पीड़ा में तड़प रही महिला को खाट पर पहुंचाया अस्पताल

**बीजापुर,26 अगस्त**

सरकारें चाहे कितनी भी विकास के दावे कर लें, लेकिन आज भी ऐसे कई इलाके प्रदेश में मौजूद हैं, जहां बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल सकी हैं। ऐसा ही एक मामला बीजापुर जिले से सामने आया है। यहां पर एक गर्भवती महिला को उफनती नदी के बीच चारपाई पर लादकर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने मदद के लिए जिम्मेदारों को कॉल किया था, लेकिन किसी कारणवश बचाव दल नहीं पहुंच सका। जिसके बाद ग्रामीणों ने मज़बूरी में गर्भवती



महिला को चारपाई के सहारे नदी पार कराकर स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। दरअसल यह पूरा मामला गंगालूर इलाके की रेड्डी और कमकानार गांव के बीच स्थित नदी की है। जहां पर कमकानार की महिला रैनी माडवी को प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचाना था। जिसके लिए परिजनों ने मदद के लिए जिम्मेदारों को भी फोन किया था। लेकिन वे किसी कारणवश बचाव दल को नहीं भेज पाए। जिसके बाद मजबूरन ग्रामीणों को उस गर्भवती महिला को चारपाई में लादकर नदी पार करना पड़ा और किसी तरह उसे रेड्डी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इस पूरे मामले के बाद सरकार के विकास के दावों की पोल खोल कर रख दी है। सच तो यही है, कि आज भी कई अंधरूनी इलाके ऐसे है, जो स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है। भले ही अपने जुगाड़ से ग्रामीणों ने चारपाई के सहारे गर्भवती महिला को नदी पार कराकर अस्पताल पहुंचाया हो, लेकिन इस इलाके में विकास के कई दावे सरकार और जिला प्रशासन करती है। परंतु इस तस्वीर ने एक बार फिर सरकार के विकास के दावों की पोल खोल कर रख दी है।

### मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने की युवक की हत्या

**बीजापुर,26 अगस्त।** नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाते हुए फिर एक ग्रामीण युवक की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ क्षेत्र के जैगुर निवासी सितु मंडावी को नकसलियों ने जन अदालत लगाकर मौत की सजा दे दी। नक्सलियों ने वहां एक पर्चा भी छोडा है जिसमें उल्लेख है की 2021 से सितु मंडावी पुलिस के लिए मुखबिरी कर रहा था इस कारण उसे मौत की सजा दी गई है। इस हत्या की जिम्मेदारी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है ।

# नाम बदलने और काम बंद करने के सिवा कुछ नहीं कर रही सरकार : दीपक बैज



**रायपुर,26 अगस्त।** नवा रायपुर में नामकरण को लेकर गठित समिति पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर तंज कसा है. उन्होंने कहा, सरकार सरकारी योजनाओं को बंद करने, नाम बदलने में टाइम पास कर रही. छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार नाम बदलने और काम को बंद करने के सिवा कुछ भी नहीं कर रही है. कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू किए जाने को लेकर बैज ने कहा, कर्मचारी हित की बात करते रहे, अटल बिहारी की सरकार में ओल्ड पेंशन को बंद किया गया. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद ओल्ड पेंशन योजना लागू की गई. आज बढ़ते दबाव को देखते हुए ओल्ड पेंशन योजना को लागू किया गया. इसमें भी नाम बदल दिए, कोई नया चीज नहीं है. नशे के खिलाफ सख्ती को लेकर अमित शाह ने बैठक ली, इस पर कांग्रेस ने निशाना साधा है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, अमित शाह को इतनी चिंता है तो शराबबंदी क्यों नहीं करते. शराब से बीजेपी के नेताओं को कमीशन जा रहा है. जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रहे हैं. अमित शाह का बयान छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह करने वाला है. कांग्रेस संगठन में बदलाव को लेकर दीपक बैज ने कहा, युवाओं को ज्यादा मौका मिलेगा. बड़े चेहरे मैदान में उतरेंगे, युवाओं से काम लेंगे. हम लोगों ने सरकार के खिलाफ मजबूती के साथ सड़क की लड़ाई लड़ने की शुरुआत कर दी है. जनहित के मुद्दे उठाना है इसलिए मजबूत कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है. बीजेपी संगठन खुद नहीं चला पा रहे हैं और कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं. कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाईवे में गौवंश हादसे के शिकार हुए, इस पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, बीजेपी के नेता अपने आप को गौ रक्षक कहते हैं, ये असल में फर्जी है. लगातार गौ वंशों की दुर्घटनाओं में मौत हो रही. सरकार गंभीर नहीं है. विपक्ष में गौ वंश के नाम पर राजनीति की. अब सरकार आने पर भी रक्षा नहीं कर पा रहे. आवश्यकता होने पर कांग्रेस बीजेपी सरकार के खिलाफ फिर से आंदोलन के लिए तैयार है.

# फुटपाथ पर सो रहे लोगों को ट्रक ने रौंदा, 3 की मौत

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** सड़क हादसा हो गया. नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक अनियंत्रित ट्रक ने डिवाइडर पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों का इलाज जग प्रवेश चंद अस्पताल में चल रहा है. यह हादसा आज सुबह 4 बजकर 56 मिनट पर हुआ. एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि सीलमपुर की तरफ से आते हुए एक तेज रफ्तार ट्रक फुटपाथ डिवाइडर पर चढ़ गया और कुछ लोगों को रौंद दिया. सूचना पर तत्काल एक टीम मौके पर पहुंची. पता चला कि पांच लोगों को ट्रक ने रौंदा है. तत्काल सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर तीन की मौत हो गई. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है. वहीं, इस हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. उसकी तलाश की जा रही है. पुलिस आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क पुलिस स्टेशन में धारा 281,106,125A के तहत मामला दर्ज किया गया है. आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है. पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से भी जानने की कोशिश की, लेकिन कोई भी ट्रक का नंबर नहीं बता सका. पुलिस ने बताया कि घायलों के सेहत में सुधार होने पर उनसे भी हादसे के बारे में जानकारी ली जाएगी. उनका नाम-पता जानने की कोशिश की जाएगी.

# लोगों को टक्कर मारकर डिवाइडर में जा घुसी कार

**भानुप्रतापपुर,26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी 12 दो पहिया वाहनों को ठोकर मार दी। फिर खुद डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। इसके बाद घायलों लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना भानुप्रतापपुर मुख्य चौक के पास हुई है। बताया जा रहा है कि, मुख्य चौक के पास अंतागढ़ रोड में रोशन लाज के आगे कई दोपहिया वाहन खड़ी हुई थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित अंतागढ़ रोड में रोशन लाज के आगे सड़क किनारे खड़ी 12 दोपहिया वाहनों को ठोकर मार दी। फिर खुद डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक में बैठे चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीन घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि, कार चालक नशे में धुत था।

# नक्सलवाद का खात्मा करने मन-प्राण से जुटेगा प्रशासन: विजय शर्मा

**रायपुर,26 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

रायपुर में प्रदेश में बढ़ते अपराध के मामलों को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महत्वपूर्ण बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सितंबर से पुलिस महकमे में एक बड़ी पहल की जाएगी. इसके तहत सभी रेंज के एसपी ऑफिस में बैठकें की जाएंगी, जिनमें एसपी और थानेदारों के की-परफॉरमेंस तय की जाएगी. उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 2021 से 2023 तक के आंकड़ों की तुलना में 2024 के जनवरी से जून तक अपराधों की संख्या कम है, लेकिन यह संतुष्टि का विषय नहीं है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कम अपराध भी सरकार और समाज के लिए चिंता का विषय हैं, और कठोरता से कार्रवाई की जाएगी. वहीं उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के अमित शाह के आगामी कुछ महीनों में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर दिये गए बयान को लेकर बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प बड़ा है. पिछले कुछ महीनों में अभियानों के तहत जवानों ने कमाल कर दिखाया है, सभी प्रशंसा के हकदार हैं. हम नक्सलवाद से देश और प्रदेश को मुक्त कराने के लिए प्राण और मन से जुटेंगे. उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में बस्तर के लोगों और गांव के विकास के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा. छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की सरेंडर पॉलिसी को लेकर भी उपमुख्यमंत्री ने बयान दिया. उन्होंने कहा कि सामाजिक विश्वास जीतने में समय लगता है, और जंगल से



लौटने के बाद जीवन को व्यवस्थित करना कठिन होता है. इसलिए, सरेंडर पॉलिसी में और भी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, ताकि सरेंडर करने वाले लोग जीवन को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकें.उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह भी बताया कि बस्तर के सरेंडर किए गए लोगों के साथ विशेष व्यवहार किया जाता है, जहां उन्हें सात दिन के अंदर गन पकड़ाकर गनमैन बनाया जा सकता है. बस्तर के लोग विश्वसनीय होते हैं और एक बार निर्णय लेने के बाद पीछे नहीं हटते. हालांकि, जंगलों में लंबा समय बिताने के बाद जीवन को फिर से व्यवस्थित करने में कठिनाइयां आती हैं, जिसके समाधान के लिए यह पहल की जा रही है. नक्सलवाद खात्मे को लेकर उन्होंने बताया कि बस्तर में चार आयामों पर काम हो रहा है. 13 से 18 साल के बच्चों और जवानों को घर से उठाकर नक्सली बना दिया जाता है, इसके लिए भी गतिविधियां की जा रही है. पीड़ितों के लिए कुछ एनजीओ सामने आये हैं और सरकार की ओर से भी काम हो रहा है. सभी पर कार्य किया जा रहा है. बस्तर के लोग सुरक्षित और उनकी संस्कृति संरक्षित रहे, इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं.

**योनेक्स-सनराइज 23वीं छत्तीसगढ़ राजय सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 का समापन हुआ** jasclaudius@gmail.com

# बड़ी उम्मीदों के साथ जारी है कोशिशें

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

एक नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ। इसका असर प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, परिवहन, संचार आदि सभी क्षेत्रों में पड़ा लेकिन खेलकूद की दुनिया तो बदल ही गई। छत्तीसगढ़ के उदयीमान खिलाड़ियों के आगे बढ़ने का द्वार खुल गया। खेलकूद के संसार में बदलाव का दौर शुरु हुआ। इस प्रदेश में इंडियन ओलंपिक संघ की नई शाखा छत्तीसगढ़ राज्य के रूप में उभरकर आई। राज्य में ओलंपिक तथा गैर ओलंपिक खेलों का राज्य स्तर की समिति बनने लगी। खेलों में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के एक नहीं परंतु ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के 28 प्रमुख खेलों के अलावा गैर ओलंपिक खेलों में भाग लेने का विकल्प मिल गया। शुरुवाती दौर में ही नवा रायपुर में एक भव्य क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हुआ जबकि 2012-13 तक रायपुर तथा राजनांदगांव में अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त हाकी स्टेडियम का निर्माण हुआ साथ ही साथ धीरे-धीरे अन्य खेलों की आधुनिक अधोसंरचना वाले एरेना का निर्माण होने लगा।

इस दृष्टि से छत्तीसगढ़ में लगभग सभी खेलों के सब जूनियर से लेकर सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं, प्रशिक्षण आरंभ हुआ। हमारे प्रदेश में आज सभी खेलों में प्रशिक्षकों, निर्णायकों की कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य के गठन के साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाकी, बास्केटबाल, नेटबाल, कैनोइंग, भारोत्तोलन, फुटबाल, किक बाक्सिंग, व्हालीबाल, टेनिस, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, मार्शल आर्ट संबंधित खेल, कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, जूडो आदि खेलों के साथ-साथ बैडमिंटन में भी किशोरों, युवाओं ने विशेष रुचि दिखाना आरंभ किया। आमतौर पर यह माना जा रहा है कि हमारा देश जो गांवों में बसता है वहां पर पारंपरिक व लोक खेलों के अलावा लगभग 1980 तक कबड्डी, खो-खो, व्हालीबाल, हाकी, फुटबाल, कैरम, शतरंज, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस शौकिया तौर पर खेले जाते रहे हैं। परंतु इनमें से बैडमिंटन की चमक कुछ अलग ही रही है। 1980 में प्रकाश पादुकोण ने आल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट के साथ डेनिस ओपन, स्वीडिश ओपन जीता तो फिर तस्वीर बदलने लगी। अमी धिया, मधुमिता बिस्ट जैसी महिला खिलाड़ियों के कारण युवतियों के मन में इस खेल के प्रति दिलचस्पी बढ़ी हालांकि आगे चलकर अर्पणा पोपट, ज्वाला गुट्टा के बाद सायना नेहवाल तथा पीवी सिंधु ने ओलंपिक पदक जीतकर इस खेल को भारत में बहुत लोकप्रिय बना दिया। दूसरी तरफ सैय्यद मोदी, पुलेला गोपीचंद, पार्थो गांगुली, चेतन आनंद, पी. कश्यप, एस. किंदाबी, लक्ष्य सेन आदि ने बैडमिंटन में उपलब्धि हासिल करके इसे कैरियर बनाने के लिए युवाओं को आगे लाया। यही स्थिति छत्तीसगढ़ में रही। संजय मिश्रा, जयंत देवांगन, संगीता राजगोपालन, कविता दीक्षित, ईशान भटनागर, अर्चना यदु, दीपक पटेल, हेमंत खीस्टोफर, अनुराग दीक्षित, दीक्षा चौधरी, सिद्धार्थ सिंह, संयम शुक्ला आकर्षि कश्यप जैसे खिलाड़ियों ने इस प्रदेश में बैडमिंटन को अपनाने वाले खिलाड़ियों को नई ताकत व पहचान दी। रायपुर में पिछले दिनों 23वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर (15, 17 वर्ष) वर्ग के मुकाबले विशिष्ट अतिथियों सुनील अग्रवाल, भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा, छग बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह सिसोदिया, अवतार सिंह जुनेजा व बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों व दर्शकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। इसमें एकल, युगल, मिश्रित युगल, बालक-बालिका वर्ग में मुकाबले हुए। कुल 10 इवेंट में प्रदेश के 19 जिलों के 353 खिलाड़ी शामिल हुए।

टूर्नामेंट में क्रमशः विजेता, उपविजेता बालक 15 वर्ष एक श्रेयांश पाठक, नैतिक साहू, युगल में आर्यन गंभीर, नैतिक साहू, मिश्रित युगल में नैतिक साहू-आरुषि अल्वा, बालक 17 वर्ष एकल में दिव्यांश अग्रवाल, अजय मिश्रा, युग में गर्वित कंसल-सार्थक थामस और अक्षय दत्त मिश्र-दिव्यांश अग्रवाल मिश्रित युगल में अक्षय मिश्रा-भाव्या सिंह और दिव्यांश-आशिका पोद्दार, बालिका 15 वर्ष एकल में आकर्षि अल्वा, सिद्दिया साहू, युगल में आरुषि अलवा-तेजस्वी सिंह और 17 वर्ष में आशिका पोद्दार, रेना राजे वर्मा, युग में भाव्या सिंह-राजे वर्मा और गौरी अय्यर-आशिका पोद्दार विजेता बने।

# पाकिस्तान में 23 यात्रियों को गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद,26 अगस्त।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हथियारबंद लोगों ने सोमवार को बसों को निशाना बनाया और 23 यात्रियों को गोलियों से भून डाला। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि हथियारों से लैस लोगों ने यात्रियों को बसों से उतारकर उनकी पहचान पूछी। फिर कम से कम 23 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बलूचिस्तान के मूसाखेल जिले में हुई। रिपोर्ट में सहायक आयुक्त मूसाखेल नजीब काकर के हवाले से बताया गया कि पहले हथियारबंद लोगों ने मूसाखेल के राराशाम जिले में अंतर-प्रांतीय राजमार्ग को अवरुद्ध किया। इसके बाद वहां से गुजरने वाली बसों को रोक कर यात्रियों को नीचे उतार दिया। उनकी पहचान पूछने के बाद यात्रियों को गोली मार दी गई। सभी मृतक पंजाब प्रांत के बताए जा रहे हैं। काकर के हवाले से बताया गया कि हथियारबंद लोगों ने 10 वाहनों में आग भी लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल ले जाना शुरू किया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने आतंकी घटना की कड़ी निंदा की। उनके कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्होंने आतंकियों की कायरतापूर्ण हरकत में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आतंकी और उनके मददगारों को बख्शा नहीं जाएगा। बलूचिस्तान सरकार दोषियों को सजा देकर ही रहेगी। संघीय सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने भी आतंकवादियों की क्रूरता की कड़ी निंदा की। पीएमएल-एन की ओर से एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में उन्होंने कहा कि आतंकयों ने मुसाखेल के पास निर्दोष यात्रियों को निशाना बनाकर क्रूरता दिखाई। आतंकवादी और उनके मददगार बच नहीं पाएंगे। मुसाखेल हमला पंजाब के लोगों को निशाना बनाकर किए गए इसी तरह के हमले के लगभग चार महीने बाद हुआ है।

# विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी के खिलाफ युवा कांग्रेसियों ने किया जेल भरो आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में भिलाई जिला के युवा कांग्रेस ने रविवार को सिविक सेंटर चौक से कोतवाली थाना तक जेल भरो आंदोलन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के साथ पुलिस की जोरदार झड़प भी हुई। आंकड़ों की संख्या में पुलिस जवान युवा कांग्रेस को रोकने के लिए तैनात थी। लेकिन युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध किया और सत्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च करते हुए कोतवाली में पहुंचने लगे।

इस दौरान पुलिस ने युवा कांग्रेस को रोकने के लिए बेरिकेड्स लगा रखे थे लेकिन इसके बाद भी युवा कांग्रेस जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस ने अपनी भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को रिहा करने की मांग की। सार्वजनिक रूप से पुलिस प्रशासन की कार्यवाही और सत्ता राजनीतिक षड्यंत्र के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद सैकड़ो युवा ने अपनी गिरफ्तारी दी। अर्जुन शर्मा भिलाई विधानसभा अध्यक्ष ने बताया की भारत जोड़ो यात्रा में देवेंद्र यादव राहुल गाँधी के साथ देश की शान तिरंगा ले कर पूरे यात्रा भर साथ चले। इससे प्रदेश और देश भर में देवेंद्र यादव की लोकप्रियता बढ़ने लगी। जिसे देखते हुए प्रदेश के बाद पर सरकार ख्वाब बैठ गया कि यह प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे देश का बड़ा नेता बन जाएगा और इसी के बाद से वह नगर विधायक देवेंद्र यादव के लोकप्रियता को कम करने उसकी छवि को खराब करने के लिए भाजपाइयों ने षड्यंत्र करना शुरू कर दिया। इसी षड्यंत्र के तहत देवेंद्र यादव को कई मामलों में फंसाने का प्रयास भी किया गया है। जेलभर आंदोलन के दौरान हजारों की संख्या में यूथ कांग्रेसी उपस्थिति रहे जिसमे जिला अध्यक्ष विभोर दुरगकर, भिलाई विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, वैशाली नगर अध्यक्ष पलाश लिमेष प्रदेश सचिव ज़ुल्फ़िकार, कार्यकारी अध्यक्ष इमामुद्दीन खान, मनीष तिवारी, संदीप वोरा, जयंत देशमुख, आयुष शर्मा, सोएब, सतनाम, भास्कर दुबे, राज, शुभम सिंह, असफाक, नवीन अग्रवाल, सोहेल, सीखा रॉय, अमन रखी, इमाम, आर्यन, सदाम, अफ़ज़ल, आफताब, अभय सिंह, भरत, अयूब, प्रिंस, सागर, हैदर, हिमांशु अदि सैकड़ो की सख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## पॉवर लिफ्टर आसिफ ने छत्तीसगढ़ को दिलाया स्वर्णपदक



**भिलाई, 26 अगस्त।** कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में चल रही 50वीं गोल्डन जुबली, सीनियर राष्ट्रीय (महिला व पुरुष) पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन 120 प्लस किलो हेवी वेट ग्रुप में छत्तीसगढ़ राज्य के राष्ट्रीय पदक विजेता पॉवर लिफ़्टर आसिफ़ अली ने स्क्वॉट में 290 किग्रा, बेंच प्रेस में 240 किग्रा (इस प्रतियोगिता का सबसे हेवी बेंच प्रेस) तथा डेडलिफ्ट में 230 किग्रा सहित कुल टोटल 760 किलो लिफ्ट कर बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य की झोली में एक और पदक के साथ छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित किया । उल्लेखनीय है कि आसिफ़ अली वर्तमान में भिलाई इस्पात संयंत्र टीम को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पदक दिला रहे हैं । इस अवसर पर खेल विभाग (भिलाई इस्पात संयंत्र), खेल विभाग (छत्तीसगढ़ शासन), छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ सहित छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग संघ के पदाधिकारियों बीएल चंदवानी (अध्यक्ष), जी सुरेश, तुलसी सोनी (कार्यकारी अध्यक्ष), छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ियों खुशाल पटेल, जयदीप साहू, शैलेश थवाईत, जी शिव कुमार, सी मोहन कुमार, श्रीनू राव, ब्लेसन बास्को, महिला टीम की कोच एवं निर्णायक संतोषी माझी, पुरुष टीम के कोच एवं निर्णायक कृष्णा साहू (महासचिव, छत्तीसगढ़), निर्णायक- बीएम ठाकुर, आरके पांडेय एवं पतंजलि झा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

# बंदर को एयर गन से मारने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 26 अगस्त।** ग्राम राजनावगांव के केंवट पारा में एक बंदर मृत अवस्था में पाया गया। वनमंडल कवर्धा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ऐयरगन से हमला करने वाले आरोपी श्री महेश सोनी को गिरफ्तार किया गया। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा वनमंडल कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 24.08.2024 को हनुमंत सेवा संस्थान के अध्यक्ष निलेश सोनी एवम लोकेश से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम राजनावगांव के केंवट पारा में एक बंदर घायल है । तत्काल परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा घटना स्थल के लिए परिक्षेत्र सहायक राजानवागांव, परिसर रक्षक दियाबार एवं थुहापनी को साथ लेकर रवाना हुये। स्थल पर पहुंचकर मुयावना किया गया, बंदर के मुंह एवम नाक से खून निकल रहा था और बंदर मर चुका था, सूक्ष्मता से जांच करने पर पाया गया कि बंदर के गले में छेद है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि बंदर को किसी के द्वारा एयरगन से मारा गया हो। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा वनमंडल के मार्गदर्शन में उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के नेतृत्व में आगे जांच कार्यवाही प्रारंभ की गयी। इस संबंध में उपस्थित ग्रामीणों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं होना बताया गया। तत्पश्चात उप वनमंडलाधिकारी, कवर्धा, परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा एवम भोरमदेव थाना के पुलिस बल के द्वारा गहन एवं सूक्ष्मता से जांच करने एवं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार पाया गया कि बंदर कौशल सोनी के घर तरफ से जमुना यादव के छत पर गिरा है। श्री कौशल सोनी को बुलाकर पूछा गया तो उन्होंने ठीक ठाक जानकारी नहीं दी। तत्पश्चात् वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के मार्गदर्शन, उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा एवं परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा के निर्देशन में कौशल सोनी के विरुद्ध सर्च वारंट जारी कर उनके घर की तलाशी लेने पर तीन नग एयरगन एवम 26 नग छर्रा प्राप्त हुआ जिसे जप्त कर श्री कौशल सोनी एवम उनके बेटे महेश सोनी को पूछताछ के कवर्धा परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया, महेश सोनी द्वारा बंदर को मारना कबूल करने पर उसे गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त सभी जांच कार्यवाही उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा आशीष आर्य के नेतृत्व में श्री एल एन सोनी परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा, कु. मैकुल मांडवी सीएफओ, एस के पाण्डेय सीएफओ, ललित यादव सीएफओ, ओमप्रकाश पात्रे बी.एफ.ओ., शिवप्रसाद यादव बी.एफ.ओ. चित्रांश बीएफओ एवं भोरमदेव थाना के पुलिस बल के द्वारा किया गया।



**कवर्धा।** राधा कृष्ण मंदिर में दिखी श्रद्धालुओं की भीड़





### कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन अनुभव बने श्रीकृष्ण

**कवर्धा।** नवीन अग्रवाल और रेहा अग्रवाल के सुपुत्र अनुभव अग्रवाल ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन श्रीकृष्ण बने ।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में हर्षोल्लास से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**भिलाई, 26 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग उत्साह के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं से लेकर महाभारत युद्ध में अर्जुन को गीता ज्ञान देते हुए लाइट एंड साउंड, पानी के झरनों से सुसज्जित भव्य एवं सुंदर मनोहारी झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। झांकी में दिव्यता की शक्ति से विकारों पर विजय के साथ संस्कार मिलन की रास, मैया यशोदा को श्री कृष्ण को पेड़ से बाँधने का भाव विभोर करने वाला दृश्य सभी को संदेश दे रहा है की हम सभी परमात्मा को प्रेम की डोर में बांध सकते हैं, जिसमें वह भी खुशी-खुशी बंध जाते हैं। भगवान हमारा बच्चा बनकर हमारे निस्वार्थ प्रेम में बंधकर बाँधने वाले से बढ़कर बंधने वाला बड़ा बन जाता है। भगवान प्यार और भावनाओं के बंधन में बंधता ह। भगवान जो संबंध निभाता है वैसा और कोई भी निभा नहीं सकता है, इसे भक्त शिरोमणि मीरा, श्री कृष्ण सुदामा की मैत्री के रूप में दर्शाया गया है। झांकी में शेर और गाय को एक घाट का पानी पीते हुए दिखाया गया है जो की दर्शाता है कि संसार में एक समय सतयुग में आपसी प्रेम, दैवीय गुण, संस्कारो से सुशोभित थी। डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने गुणों से भरी कृष्ण राधे वाली दुनिया प्यारी है गीत पर रास करके सभी खुशी उमंग उत्साह से भरपूर कर दिया। यहां झांकी सर्व के निशुल्क दर्शनार्थ 26 अगस्त सोमवार से 1 सितंबर रविवार तक संध्या 6:00 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक पीस ऑडिटोरियम सड़क 2 सेक्टर 7 में रहेगी। 2 सितंबर सोमवार से सकारात्मक परिवर्तन हेतु राजयोग मेडिटेशन शिविर रहेगा, जिसका समय प्रातः 7:00 से 8:00 संध्या 5:30 से 6:30 अथवा संध्या 7:00 से 8:00 बजे तक रहेगा। जिसमें से किसी भी एक समय शिविर का लाभ ले सकते हैं।

### एनजेसीएस में सुधार करें इस्पात सचिव : बीएकेएस

**भिलाई, 26 अगस्त।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात सचिव को पुनः पत्र भेजकर एनजेसीएस की कार्यप्रणाली में सुधार कराने का मांग किया है । एनजेसीएस में गैर निर्वाचित नेताओं की काफी अधिक संख्या होने के कारण, वर्तमान मे अधिकतर निर्णय कर्मचारियों के विरुद्ध हो रहे हैं । कर्मचारी विरोधी निर्णय तथा अधिकतर निर्णय मे काफी विलंब होने का कारण, कर्मचारियों को काफी अधिक आर्थिक, मानसिक तथा सामाजिक नुकसान हो रहा है । उदाहरण का तौर पर वेज रिवीजन 2017 को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है । जबकि पुरी वेज रीविजन प्रक्रिया भी काफी विवादास्पद तरिके से निपटाई गई है । वही बोनस, रात्री पाली भत्ता तथा पे स्केल जैसे मुद्दे भी एनजेसीएस संविधान का विरुद्ध किए गए हैं। बीएकेएस भिलाई के महासचिव अभिषेक सिंह देश की संसद, राज्यों के विधानसभा, विधान परिषद, स्थानीय निकायों के तक के सभी छोटे बड़े प्रतिनिधि निर्वाचित होते हैं ।



## कन्हैया अग्रवाल के जन्मदिन पर बधाइयों का तांता

**कवर्धा, 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल के जन्मदिन पर पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने गुलदस्ता भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी । सुबह से ही फोन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने क्रेड़ा सदस्य कन्हैया अग्रवाल को बधाई दी । उनके निवास पर पहुंचकर कन्हैया अग्रवाल को मिठाई खिलाकर कई कार्यकर्ताओ ने बधाई दी । सुबह से ही निवास पर कार्यकर्ताओ , समर्थको का बधाई देने वालो का तांता लगा रहा ।

# भूपेश बघेल बौखलाहट में दे रहे उलजुलूल बयान, भिलाईयंस माफ नहीं करेंगे:रिकेश



भिलाई, 26 अगस्त। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओछी राजनीति पर उतर आए हैं, उन्होंने भिलाई के एक नामी स्कूल में कथित घटना को लेकर सार्वजनिक मंच से बयानबाजी की तथा इस मामले को लेकर दुर्ग के एसपी को खुलेआम गुंडा कहा है जो कि उनके जैसे वरिष्ठ नेता को शोभा नहीं देता। उक्त बातें प्रेसवार्ता में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कही हैं। सेन ने कहा कि स्कूल में बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना का यदि भूपेश बघेल के पास कोई ठोस आधार या सबूत है तो उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए तथा स्कूल का नाम लेकर पीड़ित परिवार एवं उसकी बच्ची को न्याय दिलाने के लिए सामने आना चाहिए। बिना साक्ष्य के राजनीतिक मंच से स्कूल का बिना नाम लिए गोल मोल शब्दों में बातें करने से स्पष्ट है कि भूपेश बघेल यह सब अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर रहे हैं। भूपेश बघेल ने इस गैर जिम्मेदाराना बयान से स्कूल को बेवजह बदनाम करने के साथ ही वहां पढ़ने वाले बच्चे एवं उनके पालकों को भी भयभीत करने का काम किया है जो कि घोर निंदनीय है। भिलाई की पहचान शिक्षाधानी तथा खेल एवं सांस्कृतिक नगरी की रही है, इसे मिनी भारत भी कहा जाता है। यहां देश के सभी प्रांतों के तथा विभिन्न धर्म को मानने वाले लोग वर्षों से भाईचारे एवं शांति से रहते आ रहे हैं। एक आधारहीन घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भिलाई की शांति एवं भाईचारे में जहर घोलने तथा यहां के वातावरण को खराब करने के घटिया कृत्य पर उतर आए हैं। अपनी सरकार गंवाने तथा लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के भीतर भूपेश बघेल का कद तेजी से घटता जा रहा है। प्रदेश की राजनीति में उनकी पूछ परख भी कम होती जा रही है। विष्णु देव सरकार के खिलाफ भी वे कोई बड़ा मुद्दा नहीं उठा पा रहे हैं, ऐसी स्थिति में अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए भूपेश बघेल अब अनर्गल बयानबाजी करने पर उतार आए हैं और बिना किसी सबूत के एक स्कूल का नाम लिए बिना उसे बदनाम करना एवं एसपी जैसे जिम्मेदार पद पर आसीन अफसर को खुलेआम गाली देना, उनकी इसी हताशा का परिचायक है। यदि भूपेश बघेल के पास मामले को लेकर कुछ तथ्य हैं तो उन्हें स्कूल का नाम उजागर करना चाहिए अन्यथा अपनी बेबुनियाद बयानबाजी के लिए उन्हें स्कूल प्रबंधन, दुर्ग एसपी सहित सम्पूर्ण भिलाईयंस से माफी मांगना चाहिए।

### रैली निकाल कृमिमुक्त भारत बनाने में सहयोग की अपील

**पाटन,26 अगस्त।** कृमि मुक्ति दिवस आगामी 29 अगस्त बृहस्पतिवार को पूरे प्रदेश में एक साथ मनाया जाएगा। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3 बी ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृमि मुक्ति दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष आयु समूह के बालक व बालिका व छात्र और छात्राओं को आयु अनुसार दिया जाएगा। स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि कृमि के परजीवी पेट की आंत में पनपते हैं। कृमि की वजह से बच्चों में चिड़चिड़ापन, कुपोषण, मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में असर पड़ता है। पेट में कृमि होने के प्रमुख कारण अस्वच्छता, गंदगी,भोजन के पहले हाथों को नहीं धोना,शौच के बाद साबुन से हाथों का नहीं धोना,फल सब्जी को बगैर धोए खाना या पकाना और नंगे पैर चलना घूमना है। खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि इसी वजह से स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र में सामूहिक हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है स्कूलों में छात्र छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली में हाथों के नाखून काटने,साफ सुथरे कपड़े पहने,ताजा भोजन करने, भोज्य पदार्थों को ढक कर रखने बताया जाता है खून की कमी एनीमिया का एक बड़ा कारण कृमि को माना जाता है। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास महिला बाल विकास विभाग की श्रीमती सयामली राय चौधरी, उषा मिश्रा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों ने रैली निकाली ओर कृमि मुक्ति भारत बनाने सहयोग की अपील किया गया।



### कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन में समाज ने लिया योगदान देने का संकल्प

**पाटन।** श्री कृष्ण जन्म उत्सव आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष केनूराम यादव के दिशा निर्देशानुसार और प्रदेश महासचिव मनोज यादव के नेतृत्व में रायपुर जिला अध्यक्ष गजानंद यादव की टीम द्वारा रायपुर जिले जोरा परिक्षेत्र में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का रूपरेखा संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश छत्तीसगढ़ मगधा यादव समाज के केंद्रीय पदाधिकारी अभिमन्यु यादव व शंकर यादव भी उपस्थित थे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी संचालन समिति द्वारा आगामी श्री कृष्ण जन्मोत्सव के विषय में समस्त समाज जनों बंधुओ एवं माताएं बहनों को विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके लिए स्थानीय समाजजनों ने पुर्ण सहयोग करने की बात कही एवं सर्व सम्मति से तन, मन, धन से श्री कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन हेतु अपना योगदान देने संकल्प लिया गया। धर्मेंद्र यादव, धनराज यादव, सतीश यादव, मुकेश यादव, गुलेश्वर कांड, मनोज गोपाल ( मीत ), राकेश यादव, रमेश यादव,राम यादव, गणेश यादव, रामचरण यादव, विष्णु यादव, बसंत यादव,संजय यादव,दिलीप यादव, रमेश यादव ,तीर्थो यादव, नवीन यादव, बबलू यादव, विनय यादव, फकीरा यादव, शिव यादव, रामप्रसाद यादव, सूर्य यादव ,राहुल यादव, रिया यादव, स्नेहा यादव,नंदनी यादव, करुणा यादव, रेशमा यादव, वर्षा यादव, मंजू यादव, सुरभि यादव, प्रियंका यादव, ललिता यादव, एवं समस्त समाजजन उपस्थित रहे ।

## एक नजर

### एटीएम में चोरी का प्रयास 3 लोग किए गए गिरफ्तार



**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई पीएनबी बैंक एवं हिताची एटीएम में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास करने वाले एक नाबालिग सहित 3 आरोपियों को नेवई पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं नगदी रकम भी बरामद की है त्रिनयन ऐप से जुड़े कैमरा के माध्यम से आरोपियों को पकड़ने में मदद मिली है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 22 अगस्त को सूचना मिली कि नेवई भाठा उमरपोटी मार्ग में स्थित हिताची कंपनी के एटीएम मशीन असामाजिक तत्वों ने चोरी करने कीनीयत में तोड़फोड़ कर मशीन को नुकसान पहुंचाया है। इसी दौरान आस पास के लोगों ने बताया गया कि इसी मार्ग पर आगे उतई थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम मशीन में भी इसी प्रकार की तोड़?फोड़ कर रकम चोरी करने की कोशिश की गई है। दोनों एटीएम का बारीकी से निरीक्षण करने एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का जांच करने पर तीन युवक घटना को अंजाम देते दिख रहे थे। आरोपियों को पकड़ने नेवई टीआई आनंद शुक्ला व उतई टीआई विपिन रंगारी अपने.अपने थाना के बल के साथ तत्काल टीम गठित की। अलग अलग बिन्दुओं पर निगाह रखते हुए शहर में आने जाने वाले मुख्य मार्ग एवं एटीएम मशीन पर लगे कैमरे का बारिकी से निरीक्षण किया। फुटेज के आधार पर आसपास के थाना क्षेत्रों में आरोपियों के फुटेज साझा करने पर आरोपियों की पहचान करने पर संदेही एसण् वंशी राव उर्फताता उर्फरॉकी ;20 वर्षद्ध निवासी पलासा जिला श्रीकाकुलम आंध्रप्रदेश हाल निवास बालाजी नगर खुर्सीपारए दीसू जगत ;19 वर्षद्ध निवासी जोन 03 खुर्सीपार व एक नाबालिग को थाने लाकर पूछताछ की पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बताया कि 21 अगस्त की रात 12 बजे अपने अन्य दो मित्रों के साथ मोटर साइकिल में उमरपोटी रोड उतई पहुंचे उमरपोटी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में गार्ड नहीं होने एवं आस पास सूनसान होने से पत्थर एवं डंडा से एटीएम को तोड़कर 23 हजार रुपए चोरी किये। फिर उमरपोटी स्वागत गेट के पास स्थित हिताची एटीएम में भी एटीएम में तोड़फोड़ कर पैसा चोरी करने का प्रयास किये।

### कार पेड़ से टकराई,दो की मौत

**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई पाटन थाना अंतर्गत अरसनारा मोड के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है पाटन पुलिस ने बताया कि घटना ग्राम अरसनारा चौक के पास की है स्कार्पियो सीजी 7 सीएस 3777 के चालक ने तेज रफ्तार से पाटन से दुर्ग की ओर जा रहे थे इस दौरान स्कार्पियो वाहन की रफ्तार काफी तेज थी अनियंत्रित हो गई कार को चालक उतई निवासी कृष्ण कुमार राठौर चला रहा था इसमें खुर्सीपार जोन 1 निवासी विमल कुमार, जोन 3 सड़क 13 भीमलाल नाग, सेक्टर 2 गौरी शंकर ठाकुर सवार थे सभी लोग वाहन में सवार होकर अमलेश्वर से घर लौट रहे थे तभी वाहन अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई हादसे में मौके पर चालक कृष्ण कुमार और विमल कुमार की मौत हो गई वहीं भीमलाल, गौरीशंकर घायल हैं घटना की सूचना मिलने पर पाटन पुलिस तुरंत पहुची और घायलों को तुरंत उपचार के लिए भेज दिया मृतकों के शव को मरच्युरी पीएम के लिए भेजा गया उसके बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई


### मकान से नगदी, जेवर चोरी

**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई सेवानिवृत्त कर्मी के मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर पुलिस ने बताया है कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी बोरसी दुर्ग निवासी पिताम्बर देवांगन 6 अगस्त की सुबह मकान में ताला जड़कर परिवार समेत तेलंगाना गया हुआ था। 22 अगस्त की शाम घर पहुंचने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम 5 हजार गायब मिला पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

### रास्ता रोकने पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रास्ता रोकने वालों के खिलाफ भिलाई-3 पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इस मामले में कांग्रेसियों ने एसपी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 126, 189(2), 221 के तहत अपराध दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है ।

### ईडब्लूएस कॉलोनी में विराजेंगे विघ्नहर्ता



**महासमुंद।** हाऊसिंग बोर्ड ईडब्लूएस कॉलोनी में इस वर्ष गणेशोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए रविवार को ईडब्लूएस गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश पूजा पंडाल का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। पं. प्रियांशु तिवारी महाराज द्वारा वैदिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चर सहित आसमान से रिमझिम फुहारों के बीच यह भूमिपूजन हुआ। बतौर यजमान समिति के कांतिकुमार निषाद व उनकी धर्मपत्नी धनेश्वरी निषाद और सुनील-आरती तिबुड़े ने पूजन विधि संपन्न किया।

7 सितंबर को शुरू होने वाले गणेशोत्सव 17 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान विशेष रूप से चंद्रकांती तिवारी, कमलेश पटेल, मालिकराम यादव, रेखराम साहू, डालाराम चंद्राकर, प्रशांत जोलहे, गिरजाशंकर पैकरा, दुष्यंत राव घाड़गे, रोहणी घाड़गे, यशोदा जायसवाल, सोनल तिवारी, रोशनी साहू, प्रिया सिंग, गौरव तिबुड़े, माही तिबुड़े, श्याम भोई सहित कॉलोनीवासी मौजूद थे।

संपादकीय

# लक्ष्य पाने का भरोसा भी बड़ी बात होती है

किसी भी बड़ी सफलता के लिए लक्ष्य तय करना बड़ी बात होती है। लक्ष्य करने से बड़ी बात होती है कि मैं इस लक्ष्य को कैसे पा सकता हूं, इसके लिए मंड्डृझे क्या करना है, इस लक्ष्य को मंड्डृझे कब तक हासिल कर लेना है,यह तय करना।लक्ष्य तो बहंड्डृत से लोग तय कर लेते हैं। लेकिन लक्ष्य का पाने का भरोसा बहंड्डृत कम हो लोगों में होता है क्योंकि वह यह तय नहीं कर पाते हैं, लक्ष्य को कैसे पाना है, उसके लिए क्या करना है तथा उसे कब तक पा लेना है। जब तक कोई यह तय नहीं कर पाता है कि लक्ष्य को कैसे पाना है, उसके लिए क्या करना है, उसे कब तक पाना है, उसके भीतर लक्ष्य को पा लेना का भरोसा पैदा नहीं होता है, जो यह तय कर लेता है कि वह भरोसे के साथ यह भी बताता है कि फलाने साल के फलाने माह तक हम यह लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। देश में अमित शाह के पहले भी कई गृहमंत्री हंड्डृए हैं लेकिन कोई आज तक यह कह नहीं सका कि हम आतंकवाद व नक्सलवाद को कब तक खत्म कर देंगे। क्योंकि वह इसका कोई लक्ष्य तय नहीं कर पाते थे, क्या करना है यही उनको पता नहीं रहता था, वह निरंतर यह बताते थे कि उनकी सरकार आतंकवाद व नक्सलवाद के निपटने के लिए क्या रही है। लेकिन वह कभी उसे समाप्त नहीं कर पाए क्योंकि उनको यही पता नहीं था इनके खात्मे के लिए क्या करना होगा। मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि यह तो है ही कि देश के भीतर कहीं भी आतंकवाद नहीं बचा है। उसने देश के भीतर आतंकवाद का पूरा सफाया कर दिया है तथा आए दिन ऐसी खबर मिलती है कि आतंक व हिंसा फैलाने वालों को फैलाने के पहले ही पकड़ लिया जाता है। यही वजह है कि देश में आतंकवादी आतंक नहीं फैला पाते है, बम विस्फोट नहीं कर पाते हैं। नक्सलवाद मोदी सरकार का दूसरा लक्ष्य है। वह इसके सफाए की पूरी तैयारी की जा रही है। यह देश के पिछड़े, जंगली व गरीब इलाकों में फला फूला है, इसलिए इसके सफाए में वक्त लग रहा है। इससे देश के आदिवासी क्षेत्र के लोगों को ही जोड़ा जाता है, इससे सरकार को सख्त कार्रवाई में झिझक होती है क्योंकि इससे आदिवासी क्षेत्र में नाराजगी फैल सकती है कि सरकार क्षेत्र के लोगों को ही मार रही है। मोदी सरकार आने के बाद नक्सलियों के सफाए के बारे में सोचा जा रहा है। यह बड़ी बात है, मोदी सरकार के पहले केंद्र व राज्यों में जितनी सरकारें आईं वह नक्सलियों से लड़ती तो थी लेकिन उनके सफाए की बात कभी नहीं करती थी। इसलिए नक्सली कोई भी सरकार आए समस्या बने रहते थे। जिस क्षेत्र में वह रहते थे, वहां के लोगों में यह धारणा बनी रहती थी सरकार तो पांच साल में चली जाएगी,नक्सली तो हमेशा रहेंगे, इसलिए लोग नक्सलियों के खिलाफ कंड्डृछ भी करने व कहने से डरते थे। मोदी सरकार के पहले जितनी सरकारें आईं वह लोगों में यह भरोसा पैदा नहीं कर सकीं कि वह नक्सलियों का सफाया कर सकती हैं। मोदी सरकार व अमित शाह की यह बड़ी उपलब्धि है कि वह लोगों में यह भरोसा पैदा कर सके हैं कि वह नक्सलियों का सफाया कर सकते हैं। यह भी भरोसा पैदा करने में सफल है कि वह कब तक राज्य या राज्यों से नक्सलियों का सफाया कर सकते हैं। यह मोदी सरकार की काम करने शैली है कि वह योजना बनाती है, उस पर गंभीरता से अमल करती है और उसकी सफलता के लिए मेहनत करती है। सफलता की अवधि तय करती है। मोदी सरकार ने पहले यह तय किया नक्सलियों का सफाया करना है, फिर उसने यह सोचा कि सफाया कैसे किया जा सकता है। उसे पता चला कि नक्सलियों के सफाए के लिए नक्सलियों के दबदबे वाले क्षेत्र में पहले तो उनका दबदबा, आंतक कम करना होगा। यह दबदबा आतंक कम होगा तो लोग नक्सलियों के खिलाफ कंड्डृछ बोलने व करने के लिए तैयार होंगे। इसके लिए नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में कैंप खोले गए और सरकारी योजनाओं का लाभ उस क्षेत्र के लोगों को दिया जाने लगा। कैंपों को उपयोग लोगों की रक्षा के साथ ही विकास के लिए किया गया। यह योजना सफल रही तो सरकार ने दूसरे चरण पर काम किया अब नक्सलियों की संख्या कम कैसे हो सकती हैं तो उसने उनका एक तरफ सफाया शंड्डृरू किया तो दूसरी तरफ गिरफ्तारी के साथ समर्पण पर भी जोर दिया।इसी का परिणाम है कि साय सरकार के सात माह में ही 147 नक्सली मारे गए हैं और 631 ने आत्मसमर्पण किया है। आज तक ऐसा किसी सरकार के समय नहीं हंड्डृआ है इसलिए इस सफलता के लिए साय सरकार की सराहना तो खंड्डृले मन से सबको करनी चाहिए।

विश्लेषण

तनवीर जाफरी

# ऐसे कथित मौलवियों का बहिष्कार करे मुस्लिम समाज



जो इस्लाम धर्म अपने प्रवर्तक पैगंबर हजरत मुहम्मद के एकेश्वरवाद के मूल सिद्धांत के साथ साथ समानता,प्रेम,सद्भाव व करुणा की विशेषताओं के साथ उनके जीवन काल में ही विश्वस्तर पर प्रसारित हो चुका था वही इस्लाम हजरत मुहम्मद के देहांत के बाद से ही तरह तरह की विचारधाराओं व मतों में विभाजित हो गया। पैगंबर हजरत मुहम्मद के वास्तविक इस्लाम की रक्षा के लिये जहाँ उनके उत्तराधिकारी हजरत अली ने इस्लाम विरोधी शक्तियों से कई जंग लड़ीं वहीँ हजरत अली के बेटे हुसैन ने इस्लाम को सल्तनत का पर्याय समझने वाले दुराचारी सीरियाई शासक यजीद के चंगुल से इस्लाम, इस्लामी सिद्धांत व उसकी पवित्रता को बचाने के लिये करबला में अपनी जान की कुरबानी दी। परंतु दुर्भाग्यवश विश्व का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा धर्म होने के बावजूद आज इसी इस्लाम में सैकड़ों वर्ग बन चुके हैं। यहाँ तक कि कई वर्गों में आज भी खूनी संघर्ष होते आ रहे हैं। मुसलमानों के इसी परस्पर मतभेद का नतीजा है कि आज दुनिया के कई देशों में मुसलमानों पर जुल्म ढाये जा रहे हैं और एक अल्लाह एक कुरआन एक रसूल का मानने वाला परन्तु अनेक वर्गों में विभाजित मुस्लिम जगत असहाय होकर केवल तमाशाई बना बैठा है।

इस्लाम को जहाँ अनेक मुस्लिम आक्रांताओं,सुल्तानों,बादशाहों व हुक्मरानों ने अपनी सत्ता के स्वार्थवश अपने तरीके से परिभाषित किया और अपनी हुकूमत के विस्तार या उसकी रक्षा के लिये 'जिहाद ' की अवधारणा को कलंकित कर इस्लाम को बदनाम किया वहीँ विभिन्न वर्गों के मुल्लाओं व मौलवियों ने भी इस्लामी शरीया की आड़ में अपने मनगढ़ंत फतवे जारी कर इस्लाम को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिहाद और फतवा इन दो शब्दों का तो इन साम्राज्यवादी मानसिकता के लोगों व मुल्लाओं ने इतना दुरूपयोग किया कि अब इस्लाम विरोधी शक्तियां इसका मजाक उड़ाने लगी हैं।

इसी इस्लाम धर्म में विवाह को लेकर भी यह व्यवस्था है कि किसी मुस्लिम लड़के/लड़की द्वारा आवश्यक हो तो अपने रिश्ते के चाचा और रिश्ते के मामा के लड़के/लड़की से शादी की जा सकती है। परन्तु अपनी सगी बहन की और सगे भाई की लड़की से शादी तो हरगिज नहीं होती। माता व पिता की बहन से शादी नहीं हो सकती। यदि लड़के की माँ ने किसी दूसरे की लड़की को अपना दूध पिलाया हो यानी दूध शरीक हो तो उस लड़के /लड़की से भी आपस में शादी नही हो सकती। चचेरी,मौसेरी,ममेरी भाई बहन ( कजिन ) में परस्पर शादी की परम्परा या प्रथा केवल इस्लाम में ही नहीं है बल्कि येरुशलम में अरबों में,पारसियों,यहूदियों,यहाँ तक कि दक्षिण भारत खासकर



कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश और तमिलनाडु के कई हिन्दू समुदायों में भी 'कजिन' के साथ परस्पर शादी की परम्परा पाई जाती है। चचेरे भाई-बहनों के बीच विवाह को कुछ अमेरिकी राज्यों में भी कानूनी मान्यता प्राप्त है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार तो श्री कृष्ण ने अपनी बहिन सुभद्रा की शादी अपनी बुआ कुंती के पुत्र अर्जुन से कराई थी। सुभद्रा-अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु थे । परन्तु सगी बहन के साथ शादी का उल्लेख मानव जाति के किसी भी धर्म अथवा समुदाय में सुनने को नहीं मिला। हाँ यदि दुनिया में कहीं किसी आदिवासी कबीले में ऐसा होता हो तो उसे अपवाद के रूप में देखा जा सकता है।

पिछले दिनों भारत में मौलाना जर्जिस अंसारी ने जोकि स्वयं के इस्लामिक उपदेशक होने का दावा करते हैं, ने विवाह को लेकर एक इतना आपत्तिजनक व विवादित बयान दे दिया जिससे हंगामा खड़ा हो गया और इस्लाम विरोधी शक्तियों को इस्लाम पर निशाना साधने का एक और मौका मिल गया। मौलाना जर्जिस अंसारी ने ' उपदेश में ' कहा कि- ₹ये कितनी बड़ी बेअक़्ली की बात है कि लोग अपनी बहन से निकाह न करें और दूसरों की बहन बेटी के साथ निकाह कर रहे हैं।जबकि बहन आपने मिजाज को जानती है,वो जानती है मेरे भाई को गुस्सा कब आता है,वो जानती है कि मेरे भाई का गुस्सा कैसे दूर होता है। वो खूबसूरत है वो हसीन भी है वो जमील भी है,लेकिन कितनी बड़ी बद अक़्ली की बात है कि एक भाई अपनी खूबसूरत, हम मिजाज बहन को छोड़ कर दूसरे की बहन से शादी कर लेता है और अपनी बहन को किसी दूसरे के हवाले कर देता है ? जब हमारी बहन हमारे लिये खाना बना सकती है,हमारे लिये बिस्तर लगा सकती है,हमारा सिर दबा सकती है हमें दवा खिला सकती है,मजबूरियों और परेशानियों में हमारा खयाल रख सकती है तो उसके साथ शादी की लज्जत क्यों हासिल नहीं की जा सकती? हसीन ो जमील और खूबसूरत सरमाये को और हसीन ो जमील बहन को किसी दूसरे के हवाले कर दो और दूसरे का 'कबाड़खाना' उठा कर अपने घर पर ले आओ ₹? आगे मौलाना फरमाते हैं कि -₹आपसे आप लाख कहिये कि समाज इजाजत नहीं देता,ये इजाजत नहीं देता वो इजाजत नहीं देता,नहीं,ये सब कहने वाली बात है। अगर अकल को ही आप दखल देंगे और हर चीज अक़्ल से सोचेंगे तो आप बताइये कि अक़्ली तौर पर इसमें क्या बुराई है ?कि मैं अपनी खूबसूरत बहन को किसी ऐसे इंसान के हवाले कर दूँ कि जिसकी जिन्दिगी से हम वाकिफ नहीं हैं ? जिसके गुस्से गर्मी से हम वाकिफ नहीं हैं ? जिसकी लाचाराना जिन्दिगी से हम वाकिफ नहीं हैं, हम अपनी बहन को उसके हवाले कर दें और दूसरे की बहन को हम ले आयें जिससे हम वाकिफ नहीं हैं ? आप बताइये अक़्ली तौर पर अक़्ल क्या कहती है ₹?

गोया इस मौलवी की नजरों में भाई बहन की ही आपस में शादी की जानी चाहिये। जबकि दूसरे के घर की लड़की को यह मौलवी 'कबाड़' बता रहा है। इस मौलवी के बारे में पड़ताल करने पर पता चला कि सितंबर 2022 में इटावा के एक रेप केस में फास्ट ट्रैक कोर्ट-प्रथम ने इसे 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी तथा इस पर 10,000 रुपय का जुमार्ना भी लगाया था। वाराणसी के जैतपुरा इलाके की एक महिला ने इस मौलवी पर 2016 में बलात्कार का आरोप लगाया था। जर्जिस अंसारी महिलाओं और अनुसूचित जाति पर टिप्पणी करने के लिये भी विवादों में रहा है। यह धमकी भी दे चुका है कि यदि उसे देश से बाहर निकालने की कोशिश की गयी तो वह देश के कोने-कोने में 'जिहाद' करेगा। गोया अपने निजी कारणों के लिये यह जिहाद को भी सही ठहरा सकता है ? यह अपने प्रवचनों में संस्कृत और वेद व अनेक हिन्दू धर्म शास्त्रों का भी जिक्र करता रहा है। कहा जा सकता है कि यह उन चंद मोलवियों में शामिल है जिसे हिन्दू धर्म व संस्कृत जैसे विषयों की भी जानकारी है।

परन्तु उस ज्ञान का अर्थ यह नहीं कि आप अपने 'गोबर ' भरे दिमाग का ऐसा उपयोग करने लगें कि इंसान व जानवर में कोई अंतर ही न रह जाये। केवल पशुओं में ही भाई बहनों के शारीरिक सम्बन्ध होते हैं प्रबुद्ध मानवजाति में कतई नहीं। इसके इस बयान से तो यही प्रतीत होता है कि या तो इसे इस्लाम धर्म व सिद्धांतों की सही जानकारी नहीं। यदि इसकी बात सही होती तो इसे पैगंबर, खलीफा या इमामों के परिजनों में से किसी एक विवाह का कोई उदाहरण पेश करना चाहिये जहां भाई बहन की शादी हुई हो। या फिर इसे किसी ने अपना मोहरा बनाकर इस्लाम धर्म को और भी विवादित बनाने की कोशिश की है और यह किसी इस्लाम विरोधी ताकत के हाथों का मोहरा बन चुका है। किसी दूसरे की बेटी को कबाड़ बताना भी इसकी विकृत मानसिकता को दर्शाता है। ऐसे अनैतिक, अति विवादित,आपत्तिजनक ,धर्म व मानवता विरोधी बयान देने वाले तथाकथित स्वयंभू मौलवियों का मुस्लिम समाज को सम्पूर्ण बहिष्कार करना चाहिये।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज व्यस्तता से भरी दिनचर्या रहेगी, फिर भी आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा लेंगे। आज घर में खास मेहमानों की आने से खुशी भरा माहौल रहेगा। अगर आप किसी उद्देश्य से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो वह उत्तम रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे। आज स्थितियां आपके फेवर में होंगी। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

वृष राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के व्यापारियों का कारोबार तेजी से आगे बढ़ेगा। आज काम करने के तरीको में बदलाव न करके मौजूदा स्थिति पर ही फोकस करेंगे। आज बिजनेस के कामों में कोई भी फैसला लेते वक्त परिवार वालों की सलाह जरूर लें, आपको उचित समाधान मिलेगा। ऑफिशियल कामकाज में कुछ समस्याओं के बाद सफलता मिलेगी। घर में किसी रिश्तेदार के आगमन से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। आज आप नया सीखने की चाहत आपके अनुभव को और अधिक बढ़ाएगी। आज कोई भी समस्या होने पर अनुभवी लोगों का सहयोग मिलने से सफलता मिलेगी। आज राजनीतिक व सामाजिक संपर्क सूत्र आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। सभी कामों में मन लगेगा। आज आप कोई साहित्यिक बुक पढ़ सकते हैं।

कर्क राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। दफ्तर में कोई उलझा हुआ मामला आज सुलझ सकता है। आज ऑफिस में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का बेहतरीन समय है। नौकरी कर रहे व्यक्ति अपने उच्चाधिकारियों के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे और समय पर अपने काम को पूरा करें। आपको बिजनेस संबंधी नये लोगों से जुड़ने का मौका मिल सकता है। आपकी कड़ी मेहनत से आपको सक्सेस मिलेगी जिससे आप रिलैक्स फील करेंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक खत्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। आज व्यवसाय में भविष्य की कार्य योजनाओं के लिए उचित मंथन करने की जरूरत है। आज व्यवसायिक कामों में सहयोगियों और जीवनसाथी के निर्णय को प्राथमिकता देंगे। आज घर में किसी मांगलिक कार्य संबंधी योजना बनेगी और सुखद माहौल रहेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कार्य कुशलता दिखाएंगे। आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।

कन्या राशि-आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज अपनी दिनचर्या को लेकर बनाए गए नियम आपको राहत देंगे और कार्य व्यवस्थित रूप से संपन्न होते जाएंगे। आज किसी विशेष पॉलिसी में निवेश निकट भविष्य में फायदेमंद साबित होगा। आज पैतृक संपत्ति से संबंधित मामला आपसी मध्यस्थता से हल हो सकता है। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट भी मिलेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए आपकी मेहनत सफल रहेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज काम के लिए समय निकालना मुश्किल होगा, लेकिन दोपहर बाद समय मिल जायेगा। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं, काम करने में आसानी होगी। किसी सभा में आपकी उपस्थिति लोगों के लिए फायदेमंद रहेगी।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे। स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। नियमित मेडिटेशन की रूटीन फॉलो करें।

धनु राशि-आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आस-पास की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवार जनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। अचानक कोई शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

मकर राशि-आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलेगी। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। आज आप चुनौतियों को ड्डष्द्भश्चह्ल करेंगे और क्रिएटिव रहेंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारी भी मिलेगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी। सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी।

मीन राशि-आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। साझेदारी संबंधी व्यवसाय में आपका उचित तालमेल बना रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर नियत समय पर पूरा करने की जरूरत है।

# भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक और प्रेरणादायी

डॉ. मोहन यादव



भगवान श्रीकृष्ण का जीवन दर्शन धर्म, जाति, व्यक्ति एवं लिंग से बहुत ऊपर है। लोक मान्यता है कि गुणातीत देवकीनंदन श्रीकृष्ण का अवतरण जन्माष्टमी के दिन हुआ। यह पावन संयोग है कि विष्णु जी के अष्टम अवतार श्रीकृष्ण माता देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में अष्टमी तिथि को अवतरित हुए। जन्माष्टमी के पावन अवसर की प्रतीक्षा कर रहे भारत सहित दुनिया के कई देशों में बसे कृष्ण भक्तों में आनन्द और हर्षोल्लास है। द्वापर युग में आसुरी शक्तियों के अधर्म, अन्याय, पापाचार, अनाचार का प्रभाव चरम पर था। धर्म की रक्षा और अधर्मियों का नाश करने स्वयं भगवान को श्रीकृष्ण स्वरूप में पृथ्वी पर आना पड़ा। उन्होंने समस्त संसार को पाप, अधर्म, अत्याचार से मुक्त कर धर्म की संस्थापना की।

नन्हें कान्हा से योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण बनने की जीवन यात्रा में घनश्याम श्रीकृष्ण ने मनुष्य की भांति जीवन की अनेक बाधाएं, संघर्ष, दुःख, कष्ट, अपमान तथा पीडाओं को सह कर संसार को यह शिक्षा दी कि मनुष्य फल की इच्छा छोड़कर केवल अच्छे कर्म कर स्वयं पर विश्वास करें। योगेश्वर बनने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान उनके गुरु सांदीपनि जी का है, जिन्होंने प्रिय शिष्य कृष्ण को धर्म, भक्ति, ज्ञान, योग, वेद, शास्त्र, संगीत, शस्त्र, पुराणों, गुरु सेवा एवं गुरु दक्षिणा आदि विषयों की दुर्लभ शिक्षाएं प्रदान की।

गुरु दक्षिणा में भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि जी एवं गुरूमाता को उनका खोया हुआ पुत्र पुण्डरक वापस लाकर दिया। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा-दीक्षा के साथ उनके योगेश्वर बनने की गाथा मध्यप्रदेश में लिखी गई।

कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण अपने बड़े भ्राता बलराम के साथ मथुरा से शिक्षा प्राप्ति के लिए महर्षि सांदीपनि की शरण में उज्जैन आये थे। नारायण (उज्जैन) में उनकी मित्रता सुदामा से हुई। श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता की मिसाल युग-युगांतर से है। भगवान श्रीकृष्ण से मित्रता की संसार को जो शिक्षा मिली, वह अनुकरणीय है। भगवान श्रीकृष्ण ने जिस जगह शिक्षा प्राप्त की थी, उनके गुरु सांदीपनि जी का आश्रम आज भी उज्जैन में विद्यमान है, जो भगवान श्रीकृष्ण के योगेश्वर बनने का साक्षात प्रमाण है। भगवान श्रीकृष्ण, सांदीपनि जी के गुरुकुल में 64 दिन रहे। इन 64 दिनों में 64 विद्या और 16 कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया। चार दिन में 4 वेद, 18 दिन में 18 पुराण, 6 दिन में 6 शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया।

अपनी विनम्रमा और श्रद्धा के कारण गुरु कृपा से भगवान श्रीकृष्ण को इन्दौर के समीप जानापाव में परशुराम जी से सुदर्शन चक्र रूपी अमोघ शस्त्र की प्राप्ति हुई। धार के पास अमझेरा में वीरता के बल पर रूक्मणी हरण में रूक्मी को हराया। बदनावर का ग्राम कोद वे पवित्र स्थान हैं, जो भगवान श्रीकृष्ण की पौराणिक जागृत लीलास्थली हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मध्यप्रदेश सरकार ने राम वन-पथ-गमन की तरह अब ₹श्रीकृष्ण पाथेय₹ निर्माण का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े थे, उन्हें तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे पूरी दुनिया को यह पता चलेगा कि भगवान श्रीकृष्ण का अटूट सम्बंध गोकुल, मथुरा, नंदगांव, वृंदावन और द्वारिका से ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश से भी है। विश्व के लोग यहां आकर इन तीर्थों का दर्शन कर पुण्य लाभ ले सकेंगे।

श्रीकृष्ण ने नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। जनश्रुति है श्रीकृष्ण ने दैत्य नरकासुर का वध कर बन्दी बनाई गईं 16 हजार स्त्रियों को मुक्त कराया था। साथ ही कुटिल कौरवों के चीरहरण से द्रौपदी की रक्षा भी की। गोपाल श्रीकृष्ण गौ-माता को बहुत मानते थे। गौ-वंश उन्हें प्राणों से प्रिय रहा। गायों की रक्षा के प्रति हमारी सरकार भी प्रतिबद्ध है। इस दिशा में गौ-शालाओं के विकास के लिये विशेष प्रयास भी किये जा रहे हैं।

श्रीकृष्ण का आदर्श जीवन हर युग मे प्रासंगिक तथा प्रेरणादायी है। प्राणी उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुकरण कर महान बन सकता है। वर्तमान पीढ़ी को चाहिए कि वह भौतिकता की चमक-दमक में अपने पौराणिक इतिहास को विस्मृत न होने दें।जय श्री कृष्ण।

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# स्कूलों और मदरसे में भी घिनौनी हरकतें!



देश भर में अलग अलग स्थानों पर शिक्षा के पावन स्थलों में मासूम बच्चियों को येन केन प्रकारेण दरिंदगी का शिकार बनाने की घटनाओं की झड़ी लगी है। तमिलनाडु के सिरुमुगाई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रूटीन विजिट पर निकले बाल संरक्षण अधिकारी उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने पाया कि टीचर द्वारा ही कथित तौर पर 9 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया।

दरअसल, जिला बाल संरक्षण अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न और बाल विवाह के बारे में सेमिनार आयोजित करने के लिए अलंगोम्बू सरकारी स्कूल का दौरा किया था. इस दौरान जब स्टूडेंट्स से उन्होंने बातचीत की तो अधिकारी ये देखकर हैरान रह गईं कि स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत नटराजन द्वारा कक्षा 7 और 8 की नौ छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था.अब पुलिस शिकायत दर्ज कराई है. इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. आगे की जांच जारी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले एक मौलवी ने उत्तराखंड में मदरसे की 5 से 9 साल की 5 बच्चियों के साथ रेप किया। उन्हें धमकाता कि किसी को बताया तो जिन्न छोड़कर तुम्हारे मां-बाप को मरवा दूंगा। पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ हैं। थाना रुद्रपुर में मस्जिद के ऊपर अवैध मदरसा बना हुआ है। यहां एक मौलवी बच्चियों के साथ रेप करता था। बच्चियां मदरसे में मौलवी से उर्दू सीखने जाती थीं।

पुलिस ने मौलवी को गिरफ्तार किया और इन्वेस्टिगेशन शुरू की। इसमें चौंकाने वाली बात निकलकर सामने आई हैं। पीड़िता की मां ने तहरीर में अपनी बेटी के अलावा चार बच्चियों का नाम भी उल्लेख किया था। इन बच्चियों का बयान कराया गया। ये बच्चियां हिंदी-इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने जाती थीं। दोपहर में स्कूल खत्म करने के बाद पेरेंट्स इन्हें मौलवी के पास उर्दू सीखने के लिए भेज देते थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया- मौलवी दो महीने से बच्चियों के साथ रेप कर रहा था। वो बच्चियों को डराता था। कहता था कि मेरे पास डिब्बे में जिन्न है। उसे निकाल दूंगा, जो तुम्हारे मां-बाप को मार डालेगा। इसलिए बच्चियां कुछ बोलती नहीं थीं।

महाराष्ट्र के बदलापुर और अकोला में भी ऐसा ही मामला बता दें कि महाराष्ट्र के बदलापुर में भी दो स्कूली बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था. यहां सरकारी स्कूल का टीचर छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाता था. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. आरोप है कि टीचर करीब चार महीनों से ये हरकत कर रहा था. छात्राओं ने बाल कल्याण समिति को कॉल किया और पूरी बात बताई. यह घटना तब सामने आई, जब बदलापुर में दो किंडरगार्टन की बच्चियों के यौन शोषण को लेकर भारी विरोध-प्रदर्शन हो रहा है.

कर्नाटक के कालाबुरागी जिले में कक्षा में 11 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार के प्रयास के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है, अधिकारियों ने बुधवार को कहा। यह घटना जिले के आलंद तालुक के निंबार्गा पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित एक सरकारी स्कूल से सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता स्कूल में 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार को जब बच्ची दोपहर का भोजन करने के बाद कक्षा में गई थी तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। निंबार्गा पुलिस ने आरोपी शिक्षक की तलाश शुरू की और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम अधिनियम (पोक्सो) और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

कर्नाटक के कोलार जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय लड़की ने सोमवार को स्कूल परिसर में ही बच्चे को जन्म दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़की ने महिला शौचालय में बच्चे को जन्म दिया है। इस घटना के बाद से स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया है।पुलिस के अनुसार, लड़की और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की के माता-पिता ने बाद में कोलार महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार करना) के तहत मामला दर्ज किया है। ऐसा लगता है कि जैसे हमारे देश में बच्चियों और महिलाओं पर जिस्म के भूखे दरिंदे घात लगाकर टूट रहे हैं और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डाक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन दरिंदगी बर्बरता और हैवानियत की वारदातें लगातार सामने आ रही है। पिछले 72 घंटों में सामने आई वारदातों पर एक नजर डालें :22 अगस्त को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में एक 4 वर्षीय मासूम की मां जब किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी तो उसके 35 वर्षीय रिश्तेदार ने मासूम से बलात्कार कर डाला। 22 अगस्त को ही बिहार के बेतिया में एक नर्सिंग कालेज के प्रिंसीपल मनीष कुमार जायसवाल को लड़कियों से अश्लील हरकतें करने, आफिस में शराब पीने तथा होस्टल की छत पर मालिश करवाने के आरोप में निलम्बित किया गया।

22 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के 'पुवायां' थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक मकान में घुस कर एक महिला से बलात्कार कर डाला जब उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। 22 अगस्त को ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में घर से लापता एक10 वर्षीय लड़की का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ जिसकी हत्या करने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। 23 अगस्त को असम के नागांव जिले के 'धींग' इलाके में रात लगभग 8 बजे ट्यूशन से साइकिल पर घर लौट रही 14 वर्षीय एक हिन्दू किशोरी से 3 लोगों ने बलात्कार कर डाला।23 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक नवविवाहित मुस्लिम महिला द्वारा नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर उसके ससुराल वालों ने उसके चेहरे पर खौलती हुई दाल फेंक कर उसका चेहरा जलाने के अलावा पति ने 'तीन तलाक' दे दिया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 वर्ष की 2 मासूम बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार द्वारा गठित 2 सदस्यीय पैनल के अनुसार इन बच्चियों का एक बार नहीं बल्कि 15 दिनों में कई बार यौन शोषण किया गया जिससे उनकी योनि की झिल्ली फट गई। 23 अगस्त को ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्कूल से लौट रही एक 13 वर्षीय नाबालिग को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त के दिन ही चंडीगढ़ में एक स्कूल बस ड्राइवर मोहम्मद रज्जाक को 12वीं कक्षा की छात्रा की तस्वीरों से छेड़छाड़ के जरिए उसे ब्लैकमेल करके उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के 'नागभीड़' कस्बे में मानसिक रूप से कमजोर एक 27 वर्षीय युवती से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार व एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया।

# ग्राम पंचायतों को 15 वें वित्त की राशि नहीं मिलने से पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 26 अगस्त।** त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में सबसे छोटी ईकाई ग्राम पंचायत के प्रति राज्य सरकार व केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैये से पंचायत प्रतिनिधियों में अब हताशा छाई हुई है या कहे कि अब बिना मूलभूत राशि के ग्राम पंचायते संचालित हो रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में 2024 -25 के पांच माह बीत गए लेकिन केंद्र सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को मिलने वाली 15वे वित्त की राशि ग्राम पंचायतों में नही पहुँची है जिससे ग्राम पंचायतों के मूलभूत कार्यो को कराने में सरपंचो के पसीने छूट रहे हैं वही ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी नही होने के कारण ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधियों के ऊपर अपना भड़ास निकाल देते हैं कि ग्राम पंचायतों में कोई भी कार्य नही किया जा रहा जबकि ग्राम पंचायतों को केंद्र सरकार व राज्य सरकार से राशि नही मिलने के कारण अधिकांश ग्राम पंचायतों में स्वयं का आय के जरिया नही होने के कारण विकास कार्यो पर टोटा लगा रहता है उल्लेखनीय है कि जहा गौण खनिज की राशि ग्राम पंचायतों को मिल जाती है वहां तकलीफ नहीं होती व जिस ग्राम पंचायत में बाजार नीलामी व प्राधिकरण जैसे योजना से मिलने वाली राशि से ग्राम पंचायतों में सीसी रोड व ग्राम पंचायतों के जरूरत अनुसार अन्य कार्य निपटा लिए जाते हैं वही कई ऐसे ग्राम पंचायत भी है जहां आय के स्रोत नही होने के कारण राज्य सरकार के मूलभूत योजना व केंद्र सरकार के 15वे वित्त योजना के तहत ही अपने ग्राम पंचायतों में कार्य कराते हैं वहां अभी स्थिति दयनीय स्थिति में है। स्वतन्त्रता दिवस के मिष्ठान तक का पैसा नही आया - ग्राम पंचायतों में स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि बीते15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर स्कुलो में मिष्ठान व टेंट की व्यवस्था में लगने वाले राशि लगभग 20 हजार रुपये भी ग्राम पंचायतों द्वारा उधारी में मंगाया गया लेकिन ग्राम पंचायतों में राशि नही होने के कारण सरपंचो के ऊपर परेशानी हो रही है वही केंद्र सरकार द्वारा 15 वे वित्त की राशि मे टाइड - अनटाइड फंड के कारण ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतों के आवश्यक कार्यो को कराने में पंचायत प्रतिनिधियों के रोड़ा बन रहा है।राज्य सरकार भी नही दे रही ध्यान - छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना के नाम पर ग्राम पंचायतों के विकास पर ध्यान नहीं दिया जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधियों को अपने ग्राम पंचायतों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा अब भाजपा सरकार में भी ग्राम पंचायतो में सरकार की विशेष रुचि नहीं होने के कारण परेशानी जस की तस पड़ी हुई है।मूलभूत की राशि समय में नही पहुचती - ग्राम पंचायतों को राज्य सरकार से मिलने वाली मूलभूत योजना की राशि समय पर नही मिलने के कारण ग्राम पंचायतों में मुरुम की व्यवस्था नही हो पाती जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बरशात के दिनों में दलदल रहता है वही मूलभूत की राशि मे बढ़ोतरी नही होने के कारण महंगाई के दौर में ग्राम पंचायतों में विकास पर प्रतिबंध लगा हुआ है।ऑनलाइन पेमेंट से बढ़ी परेशानी - 15 वे वित्त की राशि सीधे वेंडर को ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था सरकार ने किया है लेकिन सर्वर में दिक्कतों के कारण महीनों तक पेमेंट का चक्कर सरपंचो द्वारा लगाया जाता है लेकिन पेमेंट नही होने के कारण सम्बन्धित दुकानदार ब्याज की राशि की मांग कर देते हैं जिससे ग्राम पंचायतों में काफी परेशानी होती है। वही अब देखना होगा कि ग्राम पंचायतों में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायतों में 15वे वित्त की राशि के लिए पहल किया जाता है कि पुराने ढर्रे पर छोड़ दिया जाता है।

## एक नजर

### छात्राओं को विभिन्न जोखिमपूर्ण स्थितियों में सक्षम बनाने लाइफ स्किल ट्रेनिंग दी



**सुकमा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत् कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छिंदगढ़ के 225 छात्राओं को जीवन कौशल शिक्षा व बच्चों को जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करने, साथ ही छात्राओं को विभिन्न जोखिमपूर्ण स्थितियों में सूचित व निर्णय लेने में सक्षम बनाने हेतु ट्रेनिंग दिया गया। डीएमएचपी टीम के द्वारा ट्रैनिंग दिया गया। साथ ही टोल फ्री नंबर 14416,18008914416 के बारे में सभी को जानकारी दी गई।

### 3 जनपद पंचायतों में लखपति दीदीयों को प्रमाणपत्र वितरित

**सुकमा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । दिनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के 11 लाख परिवार को लखपति पहल दीदी के तहत लखपति परिवार और लखपति सीआरपी को सम्मान पत्र वितरण का कार्यक्रम जलगांव महाराष्ट्र में रविवार को संपन्न किया गया । इसी परिपेक्ष में कलेक्टर श्री हरिस एस. एवम् सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में तीनों विकासखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम को विकास खण्ड छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा मे दीदीयों द्वारा प्रसारण सुना गया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत लखपति दीदीयो के सम्मान कार्यक्रम जनपद पंचायत सुकमा एवम् छिंदगढ़ में क्रमशः 120-120, और जनपद पंचायत कोंटा में 20 लखपति दीदीयो को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जनपद स्तर के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित होकर प्रमाण पत्र वितरण किया गया, साथ ही पीआरपी, आरबीके, सक्रिय महिला और समूह के सदस्य भी शामिल हुए। जिला पंचायत डीपीएम श्री महेंद चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में 111 समूहों को सामुदायिक निवेश कोष 66.60 लाख तथा 35 समूह को 58.50 लाख बैंक लिंकेज का वितरण किया गया।

### एनएसयूआई कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर



**सुकमा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्त्ता उतरे सड़कों पर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के गिरफ्तारी के विरोध में उतरे सड़कों पर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर कर रहें नारेबाजी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झुमझटकी हुई युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देश पर जेल भरो आंदोलन के तहत आज कार्यक्रम किया गया सुकमा जिला पुलिस ने कार्यकर्ताओं को लिया हिरासत में इस दौरान सुकमा नगर अध्यक्ष शेख सज्जर, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुनील यादव, युवा कांग्रेस पुर्व अध्यक्ष लक्षण मांडवी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कृष्ण ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रताप सम्राट रहे मौजुद थे।


### यात्री का मोबाइल चोरी करने वाला चोर पकड़ाया

**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** रेलवे के यात्रियों सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत ट्रेन में नींद में सो रहे यात्री का मोबाईल चोरी करने वाले टपोरी चोर को रेसुब पोस्ट डोंगरगढ़ को सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी चोर से 16000/- मूल्य का मोबाइल जप्त कर जीआरपी डोंगरगढ़ को सुपुर्द किया गया है। रेलवे पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया गया कि राजकीय रेल पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज अपराध क्रमांक 31/2024 धारा 303(02) बी.एन.एस 24 अगस्त 2024 के दर्ज मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु खुफिया सूचना तंत्र मजबूत किया गया था। प्राप्त सूचना के आधार 25 अगस्त 2024 को मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर के निर्देशन में एवं लुक ऑफ्टर पोस्ट प्रभारी श्रीमति तरुणा साहू के मार्गदर्शन में रेसुब पोस्ट डोंगरगढ के उप-निरीक्षक अखिलेश कुमार,आरक्षक नवीन्दर,आरक्षक निलेश चौधरी के साथ यात्री समानों की सुरक्षा की रोकथाम एवं जीआरपी डोंगरगढ़ में दर्ज अपराध के अज्ञात आरोपी की पतासाजी रेलवे स्टेशन मुसरा के यार्ड परिक्षेत्र में गुप्त निगरानी में तैनात थे। समय 05.30 बजे चेंकिग के दौरान एक संदिग्ध लडके को पूर्वी यार्ड में घूमते हुए पाकर उस पर संदेह के आधार पर रुकने को कहने पर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया एवं संदेह गहराते हुए नाम व पता पुछने पर टालमटोल कर रहा था जिसे विश्वास में लेकर पुछने पर उसने अपना नाम व पता - लोकेश दास वैष्णव पिता पुरूषोत्तम दास वैष्णव उम्र 24 वर्ष निवासी संजयनगर वार्ड नं 06 टाटीबंद थाना कुम्हारी जिला रायपुर (छ.ग.) बताया । उसके जेब में रखे सामानो को चेक करने पर एक नग नीले रंग रियलमी नारजो मॉडल नं ह-55 कीमत 16000/- रूपये पाया। कड़ाई से पूछने पर बताया कि दिनांक 23.08.2024 को उक्त मोबाइल को गाडी सं 08742 तारसा लोकल में रेलवे स्टेशन मुसरा में चलती ट्रेन में चारी करना स्वीकार किया। मोबाइल को चेक करने पर जानकारी मिली कि मोबाइल अमित बघेल का है। जिनसे संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह दिनांक 23.08.2024 को गाडी सं 08742 तारसा लोकल से इतवारी से राजनांदगांव तक जनरल कोच में सफर कर रहा था सफर के दौरान अपने पास 01 नग नीले रंग रियलमी नारजो मॉडल नं ह- 55 कीमत 16000/- रूपये को अपने पेंट की जेब में रखा था झबकी लगने से सो गया था एवं समय लगभग 20.30 बजे नींद खुली तो मोबाइल नही था किसी अज्ञात के द्वारा चोरी कर लिया जिसकी शिकायत दिनांक 24.08.2024 को जी.आर.पी. डोंगरगढ़ में किया।

# वरिष्ठ पत्रकार आज़ाद सक्सेना के खिलाफ महिला ने एसपी से की लिखित शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 26 अगस्त।** दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल मे पत्रकार और महिला की वीडियो श्रम जीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा के व्हाट्सप्प ग्रुप मे डाला गया था। जिसके कारण महिला को सामाजिक छबि दुंदली हुई जिस से आहत हो कर महिला ने पुलिस अधीक्षक गौरौ राय के पास लिखित शिकायत दर्ज की है





### मामला क्या है

आज़ाद सक्सेना की धरम पत्नी श्रीमती भावना सक्सेना कोड़ेनार पंचायत का शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करति है

किरंदुल के पत्रकार को किसी ने फोन कर के जानकारी दी की राशन कार्ड मे 35 किलो चावल लिख कर 25 किलो चावल दिया जा रहा है और 10 किलो बाकि है कार्ड मे लिखा जा रहा है शिकायत मिलते ही पत्रकार ने तत्काल शासकीय दुकान जा कर देखने पर पाया की सभी को 25 किलो चावल दिया जा रहा है और 35 किलो कार्ड मे लिखा जा रहा है सारे तथ्य जमा कर पत्रकार ने आज़ाद सक्सेना की पत्नी से जब जानकारी लेने की कोशिस की तो उन्होंने साफ मना कर दिया और कहा की आप को जहा जाना है चले जाओ जो करना है कर सकते हो हम आप को नहीं बतायेंगे चावल क्यों कम दे रहे है पत्रकार वापस आ कर अपने यूट्यूब चैनल पर खबर लगायी जिस से वरिस्ट पत्रकार आज़ाद सक्सेना बौखला कर पत्रकार और उसके मित्र की 5 साल पुरानी रील वीडियो को श्रम जीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा व्हाट्सप्प ग्रुप मे उपलोड कर दिया और पत्रकार को फोन पर धमकी भी दी देख लेने की इस सब मे पत्रकार के महिला मित्र को इस तरह के कृत से मानसिक छती और सामाजिक छबि दुंदली महसूस की जिसके बाद महिला मे पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरौ राय को लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसमे प्रियंका जाल और उसके मामा रवि दुर्गा (कलिंगा सोसेल वालफेयर ) के अध्यक्ष और आज़ाद सक्सेना के खिलाफ उचित कारवाही की मांग की गयी है और दोषियो को कड़ी से कड़ी सजा की मांग की गयी है

## समाचार संक्षेप

### सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कमांडेण्ट कार्यालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय तृतीय वाहिनी एनडीआरएफ मुण्डली कटक (ओड़िसा) के द्वारा जिला सुकमा में 19 से 31 अगस्त 2024 तक एनडीआरएफ टीम कटक उड़ीसा के द्वारा विभिन्न सरकारी स्कूलों, समुदायों, ब्लॉक एवं पंचायत कार्यालयों में (फेमेक्स) सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा शुक्रवार को शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोंगपाल (अंग्रेजी) में स्कूल सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान टीम ने भूक प से बचाव, बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, सड़क सुरक्षा, लि टिंग और मूविंग के तरीके, इ प्रोवाइज्ड लोटिंग डिवाइस (रा ट) बनाना, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना, बिजली चमकना, सहित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।



### चिंतलनार, पकेला और केरलापाल में लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**सुकमा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री एस. हरिस एवं जिला सुकमा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में जिला सुकमा के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत जनपद पंचायतों से क्रमशः एक एक ग्राम में जनपद स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्ड कोंटा अन्तर्गत ग्राम चिंतलनार, विकासखण्ड छिंदगढ़ अन्तर्गत ग्राम पकेला एवं विकासखण्ड सुकमा अन्तर्गत ग्राम केरलापाल में स्वच्छता कार्यक्रम अन्तर्गत स्वच्छता रैली एवं सामुदायिक श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही जिले के अन्य ग्रामों में भी नियमित स्वच्छता रैली एवम श्रमदान किया जा रहा है। जिसमें जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्राही स्व सहायता समूह की दीदीयां एवं ग्राम में गठित अन्य स्व सहायता समूह की दीदी , शिक्षक, स्कूली छात्र-छात्रा एवं ग्रामीण जन शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दे रहे है।



### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक इंद्रशाह मंडावी को सौंपा ज्ञापन

**मोहला 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा मोहला मानपुर अ.चौकी द्वारा युक्तियुक्तकरण नियम, आनलाइन अवकाश नियम में संशोधन ,एलबी संवर्ग के शिक्षको को पूर्व सेवा की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर सहायक शिक्षको की वेतन विसंगति दूर कर/क्रमोन्नत वेतनमान का निर्धारण कर पुरानी पेंशन निर्धारित करे एवं कुल बीस वर्ष की सेवा में पुरानी पेंशन प्रदान किया जाने की मांग को लेकर मोहला मानपुर विधानसभा के विधायक इंद्रशाह मंडावी को ज्ञापन सौपा । मोर्चा के पदाधिकारीयो से विस्तार से चर्चा करते हुए मोहला मानपुर विधानसभा के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने मांगों के संबंध में उचित पहल करने एवं ज्ञापन सहित मुख्यमंत्री को पत्र भेजें जाने की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालों में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय उपसंचालक बाबूलाल लाडे, राजकुमार यादव,ललिता कनोजे,जिला संचालक श्रीहरी.जिला उपसंचालक भजन साहू,राममणि द्विवेदी,जिला सचिव रूपेंद्र नन्दे,सुशिल शांडिल्य,जिला कोषाध्यक्ष तुलसी अम्बादे,सुधनसिह कोरेटि,ब्लॉक अध्यक्ष देवकुमार यादव,देवशंकर तारम,जीवन नेताम,तामेश्वर साहू,भागवत पडोटि,सुरेन्द्र पटेल,तृप्ति वैष्णव,राजेंद्र ठाकुर,जागेश्वर मंडावी,वरुण लाठिया,अनिल पिस्दा,अजित साहू,रेवा राम रावटे,देवेन्द्र देशमुख,गणपत नेताम,चुरामन दास मार्गे,नोहर रावटे,आदि उपस्थित रहे।



### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफतार

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** 30 जून को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को प्रेम जाल मे फंसा कर शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा शादी करने के लिए टालमटोल करता रहा और शादी न कर धोखा देकर फरार हो गया कि रिपोर्ट पर धारा सदर 376,376(2)(द) भादवि अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर संवेदनसील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चिखली पुलिस टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था ,जो तकनीकी सहयोग व मुखबीर आरोपी को कांकेर क्षेत्र में छिपने की सूचना पर कांकेर क्षेत्र में पतासाजी कर दबिश दी गयी और घेराबंदी कर आरोपी हिमांषु देवांगन पिता राजेष कुमार देवांगन उम्र 30 साल साकिन शिक्षकनगर वार्ड नं. 13 चौकी चिखली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को अभिरक्षा में लेकर लाया गया ।

# प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि में रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 26 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मानपुर स्टेडियम के पास तरुण हदगिया के मकान में स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में शुक्रवार को रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव से पधारी मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने कहा कि परम रक्षक परमपिता परमात्मा हम मनुष्य आत्माओं की रक्षा के लिये रक्षा सूत्र बांधते हैं इस आध्यात्मिक रहस्य का यादगार पर्व रक्षाबंधन है जो हम इस ईश्वरीय बंधन में खुशी-खुशी बंधते हैं। यह भाई बहनों के पावन नाता को दर्शाता है स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी एवम रानी दीदी ने सभी का स्वागत किया इस अवसर पर श्रीमती राधिका अंधारे जिला पंचायत सदस्य मानपुर,श्रीमती रेणु टांडिया जनपद सदस्य जनपद पंचायत मानपुर, प्रेम नारायण कौशल विकास खंड समन्वयक सदाराम तारम प्राचार्य सेवा निवृत, श्रीमती गीता ठाकुर प्रधानपाठिका, देव शरण मार्गे पतंजलि योग शिक्षक, के रामा स्वामी , यू एस मिश्रा, संतोष कुमार नरवाशे शिक्षक एल बी,सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे इस कार्यक्रम से जुड़े अनेक गांव के लोगो ने भी लाभ लिया



### दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण दिया गया



**सुकमा, 26 अगस्त।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्यान मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर द्वारा धान एवं सब्जीयों वाली फसलों पर दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सुकमा जिले के किसानों/कीटकनाशक व्यापारियों के लिए यह कार्यक्रम 23 से 24 अगस्त, 2024 तक उप संचालक कृषि, सुकमा कार्यालय के साथ डीपीआरसी हॉल सुकमा में आयोजित किया गया द्व दो दिन के कार्यक्रम मे कुल 56 प्रतिभागियों जिनमें किसान, कीटनाशक व्यापारी आदी शामिल हुये। श्री पी. आर. बघेल उप संचालक कृषि, एवं श्री जितेश कुमार बघेल, सहायक संचालक कृषि ने शामिल हुए। श्री नीरज कुमार सिंह सहायक निदेशक (कीटविज्ञान), सी.आई.पी.एम.सी., रायपुर ने उद्घाटन किया और सभी किसानों का स्वागत किया द्व डॉ. चव्हाण विकास, सहायक वनस्पती संरक्षण अधीकारी ने समन्वित कीट प्रबंधन का महत्व और उसका सही उपयोग फसल सुरक्षा के लिए जानकारी दी।

# संतान की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठि व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** श्री महाकालेश्वर शिव भक्त सेवा समिति के धारा (डोंगरगढ़)में इस बार हलषष्टि का आयोजन बड़ी जोर से हुवा,समिति के द्वारा बरसात को देखते हुवे वाटर प्रूफ पंडाल बनाया गया, बड़े बड़े बॉक्स रेडियो,लगाकर विधिवत रूप से पंडित के मंत्रोचार के द्वारा पूजन कराया गया। पंडित धर्मेंद्र दास वैष्णव ने कथा में बताया कि हलहष्टि पर्व भादो मास के कृष्णपक्ष के छटी तिथि को मनाया जाता हैं, इसी दिन भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म हुवा था,जिनका शस्त्र हल होता है इसलिए आज के दिन माताएं जिस स्थान पर हल चला होता उस स्थान पर नही जाती हल से जूता हुवा कोई भी पदार्थ ग्रहण नही करती हैं, आज के दिन हलहष्टि मैया के साथ बलदाऊ जी और कृष्ण जी का पूजन होता हैं, आज के दिन महिष के दूध दही ,घी से पूजन करते है,छः छः प्रकार के सामाग्री को इकट्ठा कर माताएं महाराज जी से या स्वयं 6 प्रकार की कथा पड़ती वा सुनती है ऐसा करने से जिन माताओं के संतान नही होते है उन्हें संतान की प्राप्ति होती हैं तथा जिनके संतान होते है उनके संतान को दीर्घायु की प्राप्ति होती हैं समिति के अध्यक्ष श्री बोहरण लाल वर्मा एवं सचिव श्री धनराम वर्मा जी ने बताया कि इस वर्ष भगवान शिव के प्रांगण में ये पहली हलहष्टि है यदि माताओं बहनों और गॉव के प्रमुख लोगो का सहयोग रहा है हर वर्ष इससे भी बेहतर आयोजन करेंगे ,ताकि गॉव के ज्यादा से ज्यादा माता लोग भगवान शिव के प्रांगण में पूजा अर्चना कर अपने मनोरथ पूर्ण कर सके।



### शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने किया विसंगतिपूर्ण आदेश का विरोध

# युक्तियुक्तकरण का विरोध करने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन,छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ,सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन एवं नवीन शिक्षक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया है जिसमें 2अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम का विरोध करने, ऑनलाइन अवकाश पर आपत्ति करने सहित मूल मांगों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया है।चरणबद्ध आंदोलन के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संयोजक द्वय दिनेश कुरेटी एवं कीरत गणवीर के नेतृत्व में मोर्चा के दर्जनों पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू से उनके निवास में मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण एवं ऑनलाइन आवेदन का विरोध करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री,शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम पर गत 25 अगस्त को लिखित ज्ञापन सौंपा।विधायक श्री साहू ने शिक्षक संघर्ष मोर्चा के विरोध को जायज बताते हुए शिक्षकों के हर संघर्ष में साथ देने का भरोसा दिलाया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लाक संयोजक द्वय श्री कुरेटी एवं श्री गणवीर ने विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण आदेश को निरस्त करने की मांग करते हुए न्याय संगत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के तहत प्रदेश में जारी 2008 के सेटअप के आधार पर प्राथमिक शालाओं में 2 सहायक शिक्षक एवं 1प्रधानपाठक, माध्यमिक शालाओं में 4 शिक्षक एवं 1प्रधानपाठक के व्यावस्था को पुनः बहाल करने तथा हाई स्कूल-हायर सेकेंडरी स्कूलों में सेटअप के पदों को पुनः यथावत रखने की मांग की है। लंबे समय से पदोन्नति से वंचित शिक्षक एल.बी. संवर्ग को पात्रतानुसार प्राचार्य ,व्याख्याता,पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एवं उच्च वर्ग पद पर पदोन्नत किया जाय। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी,जिला उपाध्यक्ष ईश्वर दास मंडावी एवं संकुल अध्यक्ष यशवंत नेताम ने बताया कि सेटअप में पदों की कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई, गुणवत्ता एवं व्यवस्था प्रभावित होगी। इस बात को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के पालक जो अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाते है उनकी चिन्ता बढ़ गयी है।युक्तियुक्तकरण के तहत पदों में कटौती करने को लेकर बच्चों के पालकों में भारी नाराज़गी व्याप्त है।आकस्मिक अवकाश लेने की ऑफ लाइन आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ववत रखा जाए साथ ही भैषेजिक,अर्जित एवं संतान पालन अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कम से कम एक सप्ताह से अधिक दिनों का समय दिया जाय।




श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शोभायात्रा में पधारे समस्त श्रध्दालुभक्तों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत
राधेश्याम शर्मा
(फग्गा महराज)
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
समाजसेवी-भाटापारा


श्री कृष्णजन्माष्टमी एवं श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह जुलूस (शोभायात्रा) में
पधारे समस्त श्रध्दालु भक्तों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत जुलूस 27.08.2024 मंगलवार
शिवरतन शर्मा
प्रदेश भाजपा-उपाध्यक्ष


(एनसीव्हीटी/डीजीईटी नई दिल्ली से मान्यता)
प्रवेश प्रारंभ...
वर्तिका आई.टी.आई.
COPA
(कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट)
STENOGRAPHER (HINDI)
स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेटियल असिस्टेंट
AISECT
COMPUTER EDUCATION CENTER
Tally
CODING CLASSES
C C++ PYTHON HTML JAVASCRIPT VB.NET
COMPUTER TYPING
HINDI, ENGLISH TYPING
Microsoft Office
DCA /PGDCA
(1 YEAR COURSE)
प्रवेश हेतु संपर्क करें
प्रात: 8 से सायं 4 बजे तक
शंकर वार्ड, सिनेमा लाईन भाटापारा (छ.ग.) मो.- 70004-08379


समस्त क्षेत्रवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की
कोटिश: बधाई एवं शुभकामनाएं...
15th
विचित राम वर्मा
दस्तावेज लेखक
सुनील शर्मा
स्टाम्प वेंडर
अश्वनी क्षत्री
स्टाम्प वेंडर


स्वतंत्रता दिवस एवं श्री अखण्ड
रामनाम सप्ताह,श्री कृष्ण जन्माष्टमी की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामनाम सप्ताह समारोह के जुलूस (शोभायात्रा) में पधारे
समस्त श्रध्दालु, भक्तों का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत
सुनीता गुप्ता
अध्यक्ष-नगर पालिका
परिषद-भाटापारा


मा. इन्द्र साव जी
विधायक भाटापारा
भाटापारा नगर आगमन पर ...
यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री मा. भूपेश बघेल जी
हार्दिक स्वागत..अभिनंदन...
शादाब जालियावाला, जिला महासचिव NSUI


MODERN ENGLISH SCHOOL BHATAPARA
(Run Under The Shri Sai Samiti)
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL
FOR CLASSES
NURSERY TO VIII
"Enriching Minds, Changing Lives"
समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्रीति ताम्हणे-प्राचार्य
TARENGA ROAD, NAKA NO. 1 BHATAPARA MOB: 9329129242,9827963700


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
भूपेंद्र कुमार यादव
विकास अधिकारी
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
कार्यालय : राजकुमार कॉम्प्लेक्स, एल.आई. सी, एस. ओ, तिल्दा (छ.ग )- 493114
8770762339 | 9926115823 Email: bhupendrayadav846@gmail.com
Bhupendra Kumar Yadav, Development Officer
Office: Rajkumar complex, LIC, S.O Tilda, (C.G) - 493114
8770762339 | 9926115823 Email: bhupendrayadav846@gmail.com


समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
रामनाम सप्ताह समारोह के जुलूस (शोभायात्रा) में पधारे
समस्त श्रध्दालु, भक्तों का हार्दिक अभिनंदन, स्वागत
विजय गेहाणी
अध्यक्ष-भारतीय सिंधु सभा
युवा विंग भाटापारा


स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 2096 फीट लम्बा तिरंगा
जिसे 1378 छात्र-छात्राओं द्वारा फहराकर भाटापारा नगर एवं अपना नाम दर्ज कराया
400 सौ से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।
समाज सेवी अरुण छाबड़ा को
नई दिल्ली आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मैडल के साथ
मानद उपाधि (डॉक्टरेट)
से सम्मानित किया गया
आओ मिलकर पेड़ लगाए.
पर्यावरण को स्वच्छ बनाए..
जल ही जीवन है

# आईपीएचएस में सामाजिक जागरूकता के साथ पुरस्कार वितरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 26 अगस्त।** नगर के ग्राम-तुमगांव मे स्थित इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल छुरा मे सत्र 2023-24 के परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।शनिवार को सम्पन्न हुए इस पुरस्कार वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि के रुप में छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम, विशेष अतिथि रहे संदीप चंद्राकर, पुनितराम ठाकुर, विजय सोनी, सुरेन्द्र कुमार सिन्हा, यशवंत साहू, आनंद जैसवाल, राजेश्वरी ठाकुर, मीरा जसवाल।समारोह का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों के द्वारा किया गया।तत्पश्चात थाना प्रभारी ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को जागरूक रहने की हिदायत दी खासकर छात्राओं को विशेष रूप से ध्यान देने और जागरूक रहने को कहां ताकि उन्हें भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी न हो और जब कभी भी उन्हें इस तरह का अंदेशा हो तो वो सबसे पहले अपने पालकों को सूचित करे इसके बाद उन्होंने यातायात नियमों के तहत सभी वाहन चालकों को भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।इसके बाद पिछले सत्र के होनहार विद्यार्थियों को जिन्होंने परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त किया है उन सभी को अतिथियों द्वारा मेडल से सम्मानित किया गया।तथा यशवंत साहू द्वारा पेन और पेंसिल से सम्मानित किया गया।दिवस का मुख्य आकर्षण समारोह के बाद हुए जुम्बा डांस रहा जिसमें सभी विद्यार्थियों ने खुशी खुशी हिस्सा लिया।कार्यक्रम को सफल बनने में सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी शिक्षकों का भी भरपूर योगदान रहा जिसमें प्रीतम साहू संस्थापक, रेवेंद्र दीक्षित प्राचार्य, प्राची साहू प्रबंधक, सुरेश साहू, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगलादेवी राजपूत, हेमलता पटेल, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, मानसी ध्रुव, रागिनी यादव, यमुना नेताम, दिशा साहू, सुशीला साहू, उषा यादव, सैलेंद्री साहू, कीर्ति पटेल, मोनिका यादव, मोनिस्का यदु, मुस्कान चंद्राकर, मनोज साहू, गिरीश साहू, सुजीत साहू, राजेश साहू, बिरेंद्र साहू, सपन वैष्णव, डिगेश बघेल आदि प्रमुख रहे।

## समाचार संक्षेप

### सरकार सभी गरीबों व पात्र हितग्राहियों को आवास देने प्रतिबद्ध : रोहित साहू



■ प्रधानमंत्री आवास के पात्र हितग्राही ग्रामसभा के माध्यम से अपना नाम जुड़वा लें

**छुरा, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ देने प्रतिबद्ध है। विधनसभा चुनाव के दौरान प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी वा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिन ने गारंटी दी थी जिन पात्र हितग्राहियों का नाम प्रतीक्षा सूची तथा अनुपूरक सूची में दर्ज नहीं है ऐसे गरीब हितग्राहियों का हमारी सरकार चिन्हाँकन करेगी और उन्हें आने वाले दिनों में आवास योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। ऐसे हितग्राही अतिशीघ्र ग्राम सभा में आवास की सूची में अपना नाम संलग्न कराएं तथा आवास प्लस एप्प के माध्यम से आगामी दिनों में आवास की सूची में उनके नाम को हितग्राही के रूप में पूर्णता प्रदान की जाएगी।प्रदेश में भाजपा की लोककल्याणकारी सरकार सभी वर्गों के हित संवर्धन के लिए कार्य कर रही है जिसका लाभ गरीब व सभी पात्र हितग्राहियों को मिलेगी. पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास से छत छीनने का कार्य किया जिससे प्रदेश के अनेक हितग्राहियों को इसका नुकसान उठाना पड़ा है लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है आवास योजना के हितग्राहियों के मन में एक सकारात्मक उम्मीद जगी है जिसे हमारी सरकार पूरा करने जा रही है।

### मादक पदार्थों की अवैध बिक्री व भण्डार पर होगी कड़ी कार्रवाई



■ कलेक्टर -एसपी ने ली एनकार्ड समिति की बैठक

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने रविवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाक़क्ष में एनकार्ड समिति की बैठक ली। बैठक में मादक पदार्थो के अवैध बिक्री व भण्डार पर नियंत्रण के लिए संलिप्त व्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सोनी ने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए पंचायत एवं भारत माता वाहिनी को सक्रिय किया जाए। भारत माता वाहिनी का सम्मान करें। नशा पर प्रतिबन्ध लगाने वाले पंचायतो को प्रोत्साहित करें।नकली व मिलावटी शराब मिलने पर राज्य प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर आबकारी विभाग उचित धाराओं पर कार्यवाही करे। 5 से अधिक मामला होने पर सम्बंधित का नाम गुंडा सूची में दर्ज करें। इसीप्रकार शराब कोचिए पर जिला बदर की कार्यवाही हो।ढाबो में फुटकर शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करें।शराब दुकानों के ऐसे कर्मी जो शराब तस्करी में संलिप्त है उनकी सूची बनाकर कार्य से पृथक करें।उन्होंने कहा कि झोला छाप डाक्टरों एवं दवाखानो में अवैध ड्रग्स पर ड्रग इंस्पेक्टर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी के साथ आवश्यक कार्यवाही करें। बया क्षेत्र में गांजा की खेती की सूचना पर उस पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने कहा कि नशापान करके वाहन चलाने वालों के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।अच्छी गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे दुकानों, चौक चौरहो पर लगाना जरुरी है। उन्होंने बताया कि जिले में 61 आदतन शराब कोचिया का नाम गुण्डा लिस्ट में है जिन पर जिला बदर की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**रायपुर, 26 अगस्त।** आपको शिक्षा और डिग्री किसी भी विद्यालय में मिल जाएगी, परन्तु शिक्षा के साथ-साथ हमारी सनातन संस्कृति, संस्कार और आध्यात्म का ज्ञान सरस्वती शिशु मंदिर में ही प्राप्त होगा÷ उक्त बात राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आर.जामगांव पाटन में सरस्वती शिशु मंदिर के 34वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते व्यक्त कहा इस अवसर पर प्रतिभावन छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202406243000011/ ब-121/ वर्ष 2023-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता समस्त ग्रामवासी ग्राम मुजगहन तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक सम्मेलाल पिता स्व.भगोलीराम जाति हल्बा निवासी ग्राम मुजगहन तहसील व जिला बालोद द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें आवेदक द्वारा अपने दादी दुरदेशिन बाई का दिनांक 10.05.1995 को ग्राम मुजगहन तहसील बालोद में मृत्यु होना उल्लेख किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क 10.00 रूपये का चालान क्रमांक 5093 दिनांक 04.06.2024 की मूल प्रति प्रस्तुत किया है। आवेदन के साथ जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी बालोद द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र संलग्न कर मृत्यु पंजीयन हेतु उप-पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी किये जाने हेतु मांग किया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति/आक्षेप हो तो इस प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 30.08.2024 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर

नायब तहसीलदार बालोद (छ.ग.)


## एक नजर

### जुआ, सट्टा व अवैध शराब बिक्री करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत जुआ, सट्टा, अवैध रूप से शराब बिक्री जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के दृष्टिकोण से 04 आरोपियों को पकड़ा गया है। पकडे गए आरोपियों में 01 स्थाई वारंटी तथा 03 गिरफ्तारी वारंटी शामिल है। आरोपियों के नाम राजू उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम लटुवा (स्थाई वारंटी), सोनू निवासी दशरमा रोड बलौदाबाजार (गिरफ्तार वारंटी), राकेश निवासी अटल आवास परिसर बलौदाबाजार (गिरफ्तार वारंटी), राज उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 03 इंदिरा कालोनी बलौदाबाजार (गिरफ्तार वारंटी) है।

### आवास मित्र व समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए 16 सितंबर तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सामाग्री की उपलब्धता में सहायता की दृष्टिकोण से आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु योग्य उम्मीदवारों से 16 सितंबर 2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.)पिन कोड 493332 के नाम से स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत किये जायेंगे। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा। योजनांतर्गत आवासमित्र / समर्पित मानव संसाधन के चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवदेन पत्र का प्रारूप जिला बलौदाबाजार के वेब साईट https:// balod-abazar.gov.in में देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इसके साथ विज्ञापन की विस्तृत सूचना जिला पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला पकड़ाया, सामान जब्त



**बलौदाबाजार, 26 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 24 अक्टूबर 2023 को प्रार्थिया गहिरा सिग्मी द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दशहरा अवकाश पर मैं अपने परिवार वालों से मिलने 21 अक्टूबर 2023 को बिलासपुर गई थी, कि इसी बीच मेरे सहकर्मी ने 23 अक्टूबर 2023 को शाम को मुझे फोन कर बताया कि, मेरे मकान का ताला टूटा हुआ है। की सूचना पर मैं वापस बलौदाबाजार अपने मकान आई तो, देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और मकान अंदर रखे सैमसंग एलइडी टीवी, इंडक्शन, चांदी के आभूषण, सिक्के, गैस सिलेंडर, नगदी रकम सहित कुल ?45, 000 का सामान किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस में अपराध क्र. 845/2023 धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पंचशील नगर निवासी आरोपी राकेश उर्फ मूसवा को पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा पंचशील नगर स्थित प्रार्थिया के घर को सूना पाकर मकान का ताला तोड़कर घर अंदर रखे उक्त सामान को चोरी करना स्वीकार किया गया। कि आरोपी की निशानदेही पर उससे चोरी का एलइडी टीवी बरामद किया गया है। प्रकरण में 25 अगस्त को आरोपी राकेश उर्फ मूसवा उम्र 26 साल निवासी इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## गुरु बालकदास जयंती पर होने वाले मेले की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे गिरोदपुरीधाम

# सुव्यवस्थित मेले की तैयारी के दिए निर्देश

■ बाबा गुरु घासीदास एवं गुरु बालकदास की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की खुशहाली का लिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के द्वितीय सुपुत्र एवं उनके उत्तराधिकारी रहे गुरु बालकदास जी की जयंती के अवसर पर गिरौधपुरीधाम में होने वाले तीन दिवसीय (25से 27अगस्त 2024)मेला की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी शनिवार को गिरोदपुरीधाम पहुंचे।उन्होंने सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास और बाबा बालकदास के मंदिर में पूजा -अर्चना कर जिलेवासियो की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया।

इसके पश्चात मंदिर के पुजारी से मेला के संबंध में जानकारी लेते हुए एसडीएम व तहसीलदार को मेले के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला स्थल पर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग -अलग बैरिकेटिंग बनाने, पीने के पानी का पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने, दर्शन करने गिरौधपुरी आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने की उचित व्यवस्था, पूरे परिसर को सीसीटीवी कैमरे से सतत निगरानी करने, परिसर में प्रकाश के लिए लाइट की व्यवस्था, बारिश की संभावना को देखते हुए उसके अनुसार समुचित व्यवस्था करने, मेला स्थल पर मेडिकल टीम की तैनाती, मंदिर की सीढ़ियों में कालीन लगाने जिससे कि दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इन सभी की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंदिर के पुजारी से बात करते हुए कहा कि मनखे - मनखे एक समान का पालन करते हुए और बाबा साहब के शांति के मार्ग में चलते हुए शांतिपूर्वक और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मेला का कार्यक्रम आयोजित हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह आप सभी के साथ है।

इस दौरान एसडीएम आर. आर. दुबे सहित तहसीलदार, पटवारी, मंदिर के प्रमुख पुजारी राजेश कुमार मिरी, पुजारी नारायण बर्मन, मोहन बंजारे, गुहाराम सोनवानी, कौशल प्रसाद मिरी, मेला स्थल संरक्षक कृष्णा मिरी सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

## मेहनतकश आदिवासी समाज विकास पथ पर तेजी से है अग्रसर : टंकराम



■ राजस्व मंत्री वर्मा आदिवासी महोत्सव में हुए शामिल
■ स्थल चिन्हांकन के बाद सामाजिक भवन के लिए होगा जमीन आवंटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर भवन बलौदाबाजार में सर्व आदिवासी समाज के तत्त्वावधान में आयोजित आदिवासी महोत्सव में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा समाज के लोगों को फलदार पौधे वितरित की गई। मंत्री वर्मा ने सर्व आदिवासी समाज के द्वारा सामजिक भवन के लिए ग्राम कुकुरदी में जमीन आवंटन की माँग पर पहले जमीन चिन्हाकित करने तथा प्रक्रिया के साथ जमीन आवंटन करने की बात कही। मंत्री वर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, रहन- सहन, वेशभूषा, खान-पान सब बिलकुल सहज और सरल है। यह समाज मेहनतकश है जो जल, जंगल और जमीन का रक्षक, प्रकृति की गोद में खेलने वाला तथा उसकी रक्षा करने वाला है। उन्होंने कहा कि पहले यह समाज पिछड़ा था लेकिन अब शैक्षणिक, व्यापारिक सहित सभी क्षेत्रों में अन्य समाज के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क सपना है कि आदिवासी समाज जब तक तरक्की नहीं करेगा देश का विकास आगे नहीं बढेगा। प्रधानमंत्री ने समाज की चिंता करते हुए बुनियादी सुविधा पहुँचाने उन क्षेत्रों को चिहांकित किया है। समारोह को पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी यशवर्धन मोनू वर्मा, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग प्रांताध्यक्ष सुभाष परते, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी ने भी सम्बोधित किया।

## जिले में एनआरएलएम से जुड़ीं 1690 लखपति दीदीयों को किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलौदाबाजार सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज विकासखण्ड और कलस्टर स्तर पर 1690 लखपति दीदीयों को सम्मानित किया गया। जिसमें इसी कड़ी में विकासखण्ड बलौदाबाजार में 65 स्व-सहायता समूह को 1करोड़ 27लाख 50हजार बैंक ऋृण वितरण एवं 320 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया है. विकासखण्ड भाटापारा में 44 स्व-सहायता समूह को 1करोड़ 14लाख बैंक ऋृण वितरण एवं 320 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया है। विकासखण्ड कसडोल में 56 स्व-सहायता समूह को 97लाख 40हजार बैंक ऋृण वितरण एवं 320 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया है, विकासखण्ड पलारी में 55 स्व-सहायता समूह को 1करोड़ 26लाख बैंक ऋृण वितरण एवं 320 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया तथा विकासखण्ड सिमगा में 57 स्व-सहायता समूह को 1करोड़ 15लाख 50हजार, रूपये का बैंक ऋृण वितरण किया गया एवं 410 लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के जलगांव से देश भर के लखपति दीदीयों को वर्चुवल माध्यम से संबोधित किया। इस कड़ी में जिले में विभिन्न बैंको के माध्यम से 277 महिला स्व सहायता समूहो को पांच करोड़ अस्सी लाख चालीस हजार रूपये का ऋृण वितरण किया गया साथ ही रिवाल्विंग फंड एवं सीआईएफ का वितरण किया गया तथा 1690 नई लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जनपद पंचायत बलौदाबाजारअध्यक्ष श्रीमति सुमन योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, जनपद सदस्य राजाराम ध्रुव, सीईओ जनपद बलौदाबाजार सुरेष कंवर, एल.बी.एम बिनय चौहान, बैंकर्स एवं पीआरपी सहित महिला स्व-सहायता समूह की दीदियाँ उपस्थित रही।



## इंस्पायर अवॉर्ड में अभिरुचि बढ़ाने के लिए विज्ञान शिक्षकों की ट्रेनिंग का आयोजन

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता से होगा विद्यार्थियों का चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सोनाखान/कसडोल, 26 अगस्त।** विकासखंड कसडोल शिक्षा अधिकारी के सानिध्य में विज्ञान के क्षेत्रों में बच्चों की रुचि जागृत करने हेतु विज्ञान शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पीएम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल के सभा कक्ष में किया गया। जिसमें मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार -भाटापारा से हिमांशु भारतीय उपस्थित हुए। उन्होने बताया कि इंस्पायर अवार्ड हेतु प्रत्येक विद्यालय से कक्षा छठवीं से 10 वीं तक के पांच छात्र-छात्राओं का कराना होगा पंजीकरण।

### निर्देश जारी

केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कक्षा छठवीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं में रचनात्मक व नवाचारी सोच विकसित करने के लिए इंस्पायर अवार्ड योजना में नामांकन कराया जा रहा है।

इस योजना के तहत छात्र के खाते में पन्द्रह हजार रुपए माडल तैयार करने के लिए दिए जाते है. इसके बाद विद्यार्थियों का सेलेक्शन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता से किया जाएगा. वहीं शीर्ष 60 नए आइडिया वाले माडल को राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित किया जाएगा. आगे उन्होने शिक्षकों को संबोधित करते हुए इंस्पायर अवार्ड एवं इको हैकाथान के संबध में सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से रूबरू होते हुए विज्ञान के विभिन्न विषयों जैसे तवे से रोटी कैसे बनती है, लेंस की क्षमता, अटल टिकरिंग लैब, ए आई, आदि के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विषय विशेषज्ञ होने के नाते हमें अपने आप को हमेशा अपडेट करते रहना चाहिए। प्रत्येक विद्यालय में एक विज्ञान क्लब का गठन होना चाहिए, साथ ही साथ उन्होंने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्लब के गठन की भी बात कही। इसके पश्चात जिला स्तरीय विज्ञान क्लब का गठन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शिक्षकों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला नोडल कौशिक मुनि त्रिपाठी, ब्लॉक समन्वयक रामावतार वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, सहायक विकासखंड अधिकारी ध्रुव, पीएम आत्मानंद प्राचार्य संतोष वर्मा एवं विकासखंड के समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूलों के विज्ञान एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक उपस्थित हुए।आभार प्रदर्शन बी ई ओ ने किया।

## एक नजर

### निगम की आय बढ़ाने पर आयुक्त की प्रशंसा



**रायपुर 26 अगस्त।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने एक बयान में श्री अविनाश मिश्रा की तारीफ करते हुए कहा कि पूर्व में कई आयुक्त आये और गये लेकिन किसी ने नगर निगम की आय बढ़ाने की ओर ध्यान नहीं दिया। लेकिन मिश्रा ने लगातार रायपुर की आवासीय कालोनियों का दौरा कर देखा कि कालोनियों में दुकानें बनाकर किराये में दी जा रही है तथा इससे व्यवसायिक संपत्ति कर प्राप्त नहीं हो रहा है उन्होने अधिकारियों से कहा कि ऐसी दुकानों से व्यवसायिक संपत्ति कर की वसूली की जाये उनका यह कदम प्रशंसा के योग्य है। इससे नगर निगम की आय में वृध्दि होगी। उन्होने इस वर्ष संपत्ति कर वसूली का टारगेट 500 करोड़ दिया है जबकि पूर्व में 250-300 करोड़ वसूली होती थी । श्री आहूजा ने श्री मिश्रा के इस प्रयास के लिए शासन से मांग की है कि उन्हें छ0ग0 का सर्वश्रेष्ठ आयुक्त घोषित किया जाये।

### युवक के सिर पर गमले से वार कर हत्या

**रायपुर 26 अगस्त।** राजधानी के रामनगर इलाके में एक पुराने विवाद के चलते एक युवक की हत्या हो गई है। वासु उर्फ सूरज सिन्हा की हत्या सिर पर गमला से वार कर की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी भोपू उर्फ भूपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी और मृतक रामनगर इलाके में मजदूरी का काम करते थे। यह घटना रामनगर चौकी क्षेत्र की है। जानकरी के मुताबिक आरोपी भोपू का मृतक वासु उर्फ सूरज सिन्हा के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बीते 25 अगस्त की रात भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया की तैश में आकर भोपू ने वासु के सिर पर गमले से वार किया और मौके से फरार हो गया, इस दौरान वासु लहूलुहान हालत में सड़क पर गिर पड़ा और ज्यादा खून बह जाने की वजह से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने फरार आरोपी भोपू को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ में जुट गई है। पुलिस की पूछताछ के बाद ही हत्या की असल वजह सामने आएगी कि आखिर भोपू ने वासु की हत्या क्यों की।

### 5 युवकों ने एक राय होकर घर में तोड़फोड़ व मारपीट की, जुर्म दर्ज

**रायपुर 26 अगस्त।** सूर्य नगर गोगांव में 5 युवकों ने एक राय होकर तीन लोगों से मारपीट कर बाइक व घर में तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विष्णु प्रसाद साहू 29 वर्ष सूर्यनगर गोगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी आकाश, गौतम, राहुल, विकाश व छुमना ने एक राय होकर प्रार्थी व उसके साथी लच्छीराम साहू, दीपक साहू व अन्य से गाली-गलौज कर मारपीट किया। साथ ही आरोपियों ने प्रार्थी के घर व बाइक में तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर 26 अगस्त।** गोलबाजार व पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरो ने दो दोपहिया वाहन पार कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गीतांजली नगर निवासी पवन यादव 40 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजेड 6938 को शास्त्री बाजार खादी ग्राम उद्योग के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में आनंद विहार कालोनी भाठागांव निवासी महेन्द्र प्रजापति 36 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 1054 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर केखिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर 26 अगस्त।** खरोरा थाना पुलिस ने ग्राम नवागांव मोड़ के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नवागांव मोड़ के पास दबिश देकर आरोपी समीर ढीढी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

**रायपुर, 26 अगस्त।** रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृत की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही. प्रत्यक्षदर्शी डोमेश्वर साहू ने बताया कि वह सिलतरा की फैक्ट्री में काम करने जा रहा था, उसके कुछ दूर आगे एक दोपहिया भी रायपुर की तरफजा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उस दोपहिया को टक्कर मारी और रौंदते हुए फरार हो गया।

# प्रदेश की 2000 हजार शालाओं में मात्र 1-1 शिक्षक

## स्थानांतरण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने बनाया दबाव

- पुलिस स्थापना बोर्ड टीआई से लेकर सिपाही तक का करेगा स्थानांतरण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 अगस्त।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के पश्चात स्थानांतरण से प्रतिबंध नहीं हटाए जाने के कारण अब स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य तथा नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण करवाने के लिए होड़ मची हुई है। सभी नए विधायक अपने-अपने समर्थकों का काम करवाने के लिए मंत्री निवास से लेकर मंत्रालय तक चक्कर काट रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के कारण इस वर्ष स्थानांतरण पर रोक लगा दी गई थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास उच्च शिक्षा, शिक्षा, खनिज, सामान्य प्रशासन एवं ऊर्जा सहित करीब 12 से अधिक विभाग हैं। इसमें से शिक्षा विभाग सबसे बड़ा है। पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारियों की एक सूची जारी कर दी थी। इसके पश्चात व्याख्याता, उच्च श्रेणी शिक्षक, संकुल प्रभारियों की स्थानांतरण सूची तैयार कर ली गई थी। लेकिन अचानक उन्हें लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी बना दिया गया। चुनाव जीतने के बाद उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा जिसके कारण स्थानांतरण सूची जारी नहीं हो पाई। उच्च शिक्षा विभाग में भी प्राचार्यों, सहायक प्राध्यापकों के स्थानांतरण को लेकर अलग-अलग जिलों से विधायकों ने प्रस्ताव भेजे हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार इस समय मुख्यमंत्री कार्यालय में कोऑर्डिनेशन के माध्यम से स्थानांतरण किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा हस्तक्षेप किए जाने के कारण अभी कोई सूची जारी नहीं हुई है। युक्तियुक्तकरण के तहत भी शिक्षकों का समायोजन किया जाना है लेकिन इस पर भी अमल नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में 2000 शालाओं में एकल शिक्षक हैं जिसके चलते अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। 200 महाविद्यालयों में पूर्ण प्राध्यापक नहीं है। अतिथि प्राध्यापकों के माध्यम से काम चलाया जा रहा है। सरकार ने इसके लिए विधिवत विज्ञापन भी जारी कर दिया है। लेकिन कोर्ट में मामला अटक गया है जिसके कारण उच्च शिक्षा विभाग में भी नई भर्ती प्रभावित हो रही है।

नगरीय निकाय विभाग में अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता एवं जोन कमिश्नरों के तबादले किए जा रहे हैं। रायपुर नगर के कई अधीक्षण अभियंताओं को राजनीतिक पूर्वाग्रह के आधार पर हटाया गया है। शासन के नियमानुसार अवकाश ग्रहण करने के तीन माह पूर्व स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। लेकिन इसके बावजूद भी उनका स्थानांतरण कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ चिकित्सकों, सहायक, चिकित्सकों का स्थानांतरण किया गया है। यह स्थानांतरण पदोन्नति के आधार पर किया गया है। वर्तमान में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों की सूची अधर में लटकी हुई है। सिंचाई और लोक निर्माण विभाग में भी स्थानांतरण को लेकर लेन-देन की चर्चा है। पुलिस विभाग में स्थापना बोर्ड को स्थानांतरण करने का अधिकार है। गृह विभाग में टीआई से लेकर सिपाही तक स्थानांतरण करने का अधिकार बोर्ड को है। सत्ता परिवर्तन के पश्चात थानेदारों एवं सिपाहियों के स्थानांतरण को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अनुशंसा की है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र से सामान्य जिलों में आने के लिए एक लंबी सूची बनाई गई है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# दही हांडी उत्सव 27 को




**रायपुर 26 अगस्त।** सार्वजनिक दहीहांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के विशेष सहयोग से भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर 27 अगस्त को शाम 4 बजे से दहीहांडी उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे छ. ग. प्रदेश ही नहीं अपितु महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड तथा उड़ीसा एवं अन्य राज्यों से भी गोविंदा टोलियाँ प्रतिभागी के रूप मे प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आ रहे हैं।

प्रतिभागियों में से विजेता टोली को पुरस्कार स्वरूप 800000/- रुपये की इनाम राशि समिति के संयोजक श्री बसंत अग्रवाल एवं अतिथियों के द्वारा प्रदान की जावेगी प्रयास करने वाली शेष गोविंदा टोलियों को सांत्वना राशि 11000 रुपये भी समिति के द्वारा प्रदान की जावेगी 7 समिति के सह संयोजक हेमेन्द्र साहू ने बताया की अभी तक लगभग स्थानीय रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाँव की 20 टोलियों समेत महिला टोलियों ने भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के इंदौर तथा जबलपुर से भी टोलियाँ अपना नाम समिति के पास दर्ज करा चुकी हैं। यह उत्सव प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क एवं एक धार्मिक आयोजन है इस विशाल दहीहांडी उत्सव प्रतियोगिता का ये 15 वां वर्ष है।

समिति के द्वारा श्री कृष्ण भक्तों के मनोरंजन के लिए विश्वविख्यात शिव भजन गायक बाबा हसंराज रघुवंशी जी एवं छत्तीसगढ़ की लाड़ली बेटियाँ गरिमा स्वर्णा दिवाकर बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम कि प्रस्तुति दी जा रही है तथा उड़ीसा के कलाकारों द्वारा घंटा बाजा का प्रदर्शन भी किया जाएगा साथ ही साथ ग्रीस युक्त खंबा एवं वृंदावन से आई कृष्ण लीला कि मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने किया कृष्ण भजन का आयोजन



**रायपुर 26 अगस्त ।** कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व संध्या महादेव घाट तथा रायपुरा परिक्षेत्र सर्व ब्राह्मण समाज ने संगीतमय कृष्ण भजन का आयोजन किया । महादेव घाट खारुन नदी के तट पर हनुमान मंदिर स्थित पीपल वृक्ष के नीचे मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा, रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित भजन संध्या मे कृष्ण भक्ति में लीन आनंद विभोर होकर पदाधिकारी गण भक्ति रस में पूरी तरह से डूब गए थे । भजन गायन श्रीमती अंजनी शर्मा तथा ढोलक, तबला, मंजीरा लिए नीतू शर्मा, सरिता शर्मा, ज्योति शर्मा, ने संगत करके भजन को सुमधुर बना दिया। उक्त अवसर पर ललित मिश्रा, रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, गणेश शर्मा, गोपाल शर्मा, सुनील शर्मा, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, वीणा तिवारी, मनीषा मिश्रा , कविता शर्मा, भारती रोमनाथ शर्मा, शशि पांडे, सरिता शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे ।

# केंद्रीय गृह मंत्री साय सरकार को आईना दिखा गए

**रायपुर 26 अगस्त ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा की छत्तीसगढ़ नशे का गढ़ बन गया है और यह बात अब केंद्रीय गृह मंत्री तक को पता है और इसलिए आज नशे पर आयोजित कार्यशाला में अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में फल से फूलते नशे को लेकर जो बात कही है वह हमारे प्रदेश को शर्मसार करती है, केंद्रीय गृह मंत्री का सार्वजनिक लाइव प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ में नशे को लेकर दिया गया वक्तव्य बताता है कि छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है और विष्णु देव सरकार इस मामले में खेल साबित हुई है सुशासन के नाम पर दुशासन किया जा रहा है बड़े दुख की बात है कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 8 महीने में ही ड्रग्स और गांजा जैसी नशीले पदार्थों की खपत इस प्रदेश में बढ़ गई है जिसके कारण युवा पीढ़ी अंधकार की ओर आगे बढ़ रहा है साथ ही प्रदेश में नशे के कारण हत्या लूट बलात्कार डकैती जैसी घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है उपाध्याय ने कहा कि शर्म की बात है प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और देश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इनके गृह मंत्री अपने ही सरकार के कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के भोले भाले लोग नशे के गिरफ्त में हैं और छत्तीसगढ़ सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जब इस बात पर मोहर लगा दी है तो मुख्यमंत्री को जो आबकारी विभाग संभाले हुए हैं उनको इस पद पर रहने का नैतिक अधिकार नहीं है मुख्यमंत्री के लिए उनकी पार्टी के नेता द्वारा दिया गया सर्टिफिकेट बताता है कि उनकी कार्यशैली कितने निम्न स्तर की हो गई है

विकास उपाध्याय ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ की सरकार को आइना दिखा गए एवं आज मंच पर संबोधित करते हुए कहा गया कि छत्तीसगढ़ में ड्रग्स लेने वाले देश के औसत से ज्यादा और गांजा वाले तो दोगुने हो गये हैं, ये गंभीर चिंता का विषय है। क्या वे भूल गए कि देश में और राज्य में उनकी ही सरकार है जो पूरी तरह विफल साबित हो रही है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नाकामियों के कारण ही देश में ड्रग्स और नशीले पदार्थ बेचने व आपराधिक गतिविधियों की तादात में काफी ज़्यादा वृध्दि हो गई है। विकास उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री में थोड़ी भी नैतिकता बाकी होगी तो उन्हें तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

उपाध्याय ने कहा कि भारत देश में पिछले 10 साल में विदेश से ड्रग्स आना भारत में आम बात हो गई है गुजरात के बंदरगाह में हजार हजार करोड़ के ड्रग्स पकड़े गए लेकिन अब तक उसे पर क्या कार्रवाई हुई इसका किसी को पता नहीं है क्या भारतीय जनता पार्टी देश के युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है ताकि युवा रोजगार और उन्नति की बात ना कर सके देश की तरक्की की बात ना कर सके एवं नशे की गिरफ्त में आकर रोजगार और महंगाई की बातें ना कर सके।

# काव्य लेखन में दूसरी बार विश्व कीर्तिमान, कवि संजीव ठाकुर का सम्मान

**रायपुर 26 अगस्त ।** समता-चौबे कॉलोनी सेवानिवृत अधिकारियों के संगठन का महत्वपूर्ण एवं सारगर्भित सम्मेलन गायत्री मंदिर हाल समता कॉलोनी में पूर्व कमिश्नर, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ आई,ए,एस दुर्गेश मिश्रा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। नामचीन वरिष्ठ कवि संजीव ठाकुर द्वारा पूर्व में आलेख का विश्व रिकार्ड बनाने के बाद कविता लेखन का दूसरा विश्व रिकार्ड बनाने पर सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। इस संक्षिप्त एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ अंजनी शुक्ला, पूर्व सीएमओ डॉ दिनेश चंद्र तिवारी, डॉ अखिलेश त्रिपाठी तथा वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा थे। जिसमें देश के वरिष्ठ कवि, लेखक, चिंतक, स्तंभकार संजीव ठाकुर का कविता लेखन में दूसरा गोल्डन बुक का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने से उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कमिश्नर दुर्गेश मिश्रा के साथ साथ विदेश यात्रा से लौटे डॉ दिनेश चंद तिवारी,वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, तथा डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी का भी शॉल तथा श्रीफल से अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग संघ के रेफरी पूर्व माइनिंग अधिकारी संजय शर्मा, पूर्व संयुक्त कलेक्टर अशोक तिवारी, नगर निगम के पूर्व जोन कमिश्नर डॉ बी के मिश्रा, वन विभाग के प्रबंधक चंद्रकांत पांडे, पूर्व एफसीआई अधिकारी अश्वनी तिवारी, योगेश श्रीवास्तव पूर्व फिशरीज अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर एवं कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अधिकारी श्री मानिकपुरी द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे 30 अगस्त को होगी रिलीज

**रायपुर 26 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा की सफलता के बाद एन. माही फिल्मस प्रोडक्शन के सफल निर्माता मोहित साहू की बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में 30 अगस्त को एक साथ रिलीज होने जा रही है। सत्य घटना पर आधारित इस फिल्म में हॉरर, संस्पेंस, थ्रिल और कॉमेडी का तड़का है। फिल्म के लेखक, निर्देशक आनन्द दास मानिकपुरी ने बताया कि आज से 40-45 साल पहले मेरी नानी और पिता ने अपने साथ घटित घटना को आपबीती में बताया था कि किस तरह उनका सामना अलग-अलग रूप से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में प्रचलित मटिया और रक्सा से हुआ था, उस दौरान उनके मुंह से निकले भय स्वरूप शब्द थे ए ददा रे, जिसे इस्तेमाल करते हुए इस फिल्म का नाम ए ददा रे रखा गया।



# नगरीय निकाय चुनाव के लिए बनेगी मतदाता सूची

- राज्य निर्वाचन आयोग कर रहा सभी तैयारियां
- वार्डों के आरक्षण के पश्चात दावेदार होंगे सक्रिय

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 26 अगस्त।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए वार्ड परिसीमन के पश्चात अब मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मतदाता सूची बनने के पश्चात वार्डों के आरक्षण के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार 184 नगरीय निकायों में चुनाव कराने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वार्डों के परिसीमन का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह कार्य जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा किया जाएगा। इसमें नगर निगम के राजस्व निरीक्षकों की प्रमुख भूमिका रहेगी। सूची वार्ड के आधार पर बनाई जाएगी। रायपुर नगर निगम में कुल 70 वार्ड हैं। इनमें से प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या भी अलग-अलग है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सर्वेश्वर भूरे के अनुसार मतदाता सूची बनाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा नगर निगम के एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने बताया कि हम राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय नियमित जाते हैं। अभी इस पर एक माह और लगेगा। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में सितम्बर माह में वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। नगर निगम में 70 में से 12 वार्ड आरक्षित हैं। इन आरक्षित वार्डों में महिला और पुरुष का निर्णय लॉटरी के माध्यम से होगा जबकि शेष वार्डों में आरक्षण के लिए अलग प्रक्रिया अपनाई जाएगी। महापौर के पद को लेकर सभी की निगाहें लगी हुई है। चूंकि यह पद दो बार महिला के लिए आरक्षित हो चुका है इसलिए इस बार पुरुष के लिए रास्ता खुलेगा।

**आरक्षण के पश्चात संभावित उम्मीदवार बनाएंगे रणनीतित्र** सभी वर्तमान पार्षद और चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अब आरक्षण पर नजर लगाए हुए हैं। महामाया वार्ड में मन्नू विजेता यादव का कहना है कि उनके वार्ड से हनुमान नगर को काट दिया गया है। वहीं श्री कुमार मेनन का कहना है कि उनके वार्ड में अब महोबाबाजार को भी जोड़ दिया गया है। जबकि अन्य वार्डों में भी कुछ भाग काट दिए गए हैं। स्वामी आत्मानंद वार्ड में श्याम खाटू मंदिर को भी जोड़ दिया गया है जिसके कारण अब नए समीकरण बनने के आसार हैं। सभी संभावित दावेदार महिला के लिए आरक्षित होने पर अपनी पत्नियों को चुनाव लड़ाने के मूड में हैं। डब्ल्यूआरएस कालोनी से राधेश्याम विभार तथा इंदिरा गांधी वार्ड से कांग्रेस के आसिफ मेमन काफी सक्रिय हैं। अलग-अलग वार्डों में सभी संभावित दावेदार लोगों से मिलजुल रहे हैं।

राजधानी में इस समय जन्माष्टमी के पर्व पर दही लूट का आयोजन अनेक स्थानों पर किया गया है। इसके लिए वार्ड के बड़े नेताओं ने चंदा दिया है। अब गणेश चतुर्थी भी निकट आ रही है इसलिए गणेश समिति के आयोजक भी चंदा मांग रहे हैं। गुढ़ियारी में महाकाल लोक बनाए जाने की तैयारी चल रही है। रामसागरपारा में भी आकर्षक झांकियां बनाने का काम शुरू हो गया है। पंडालों के लिए बिजली कनेक्शन और वार्ड के थानों में प्रारंभिक सूचना देने के लिए समिति के पदाधिकारी आवेदन कर रहे हैं।

# सरयूपारीण ब्राम्हण सभा ने किया प्रतिभाओं का सम्मान




**रायपुर 26 अगस्त ।**न्यायिक क्षेत्र में कार्यरत जज एवम जस्टीज समाज के ही अंग हैं वे भी समाज के ही हिस्से है भले वो न्याय करने की जिम्मेदारी लिए हैं,उन्हें भी समाज के कार्यक्रमों में शिरकत करनी चाहिये।उक्त बातें न्यायमूर्ति टी पी शर्मा प्रमुख लोकायुक्त ने सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के वरिष्ठों व विशेष उपलब्धि प्राप्त सदस्यों के सम्मान समारोह में कही। राजेश्री महंत डॉ रामसुन्दर दास (पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष गो सेवा आयोग) विशेष अतिथि थे। डॉ सुरेश शुक्ला समाज अध्यक्ष ने कहा कि उनकी कार्यकारिणी ने 2वर्ष में अनेक आयोजन किये व भवन विस्तार भी हुआ। कार्यक्रम में समाज के तीन पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षको का सहस्त्रचन्द्र दर्शन करने पर शारदा प्रसाद तिवारी, टी.डी. त्रिपाठी, रमाकांत शुक्ला का अभिनन्दन किया गया ,साथ ही संस्कृत वेद वेदांत व ज्योतिष के क्षेत्र में आचार्य डॉ.दादू भाई त्रिपाठी, यदुवंश मणि त्रिपाठी, मुक्ति नारायण पाण्डेय तथा न्यायिक छेत्र में डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय, रमाकांत मिश्रा, तथा सामाजिक क्षेत्र में मनोज शुक्ला, डॉ. विकास द्विवेदी के सांथ पत्रकारिता के क्षेत्र मे मोहन तिवारी, अनिरुद्ध दुबे, जे.पि त्रिपाठी, गौरव शुक्ला, अनिल तिवारी, ब्रिजेश द्विवेदी, अभिषेक शुक्ल, कमलकांत शुक्ल आदि का सम्मान किया गया ।

### भनपुरी में बवाल, तोड़फोड़ कर घर में घुसे बदमाश

**रायपुर 26 अगस्त ।** राजधानी के खमतराई थाना क्षेत्र के रामेश्वर नगर भनपुरी में बड़ा बवाल हुआ है। टेकराम साहू के घर पर 40 - 50 से ज्यादा लोगों ने हमला किया। आरोपियों ने घर में घुसकर लात-घुसे और चाकू से हमला किया और घर का दरवाजा भी तोड़ दिया। प्रार्थी टेकराम साहू पिता दुकलहाराम साहू इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हे मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। पीड़ित आज थाने में मामला दर्ज कराएंगे। बता दें कि कल देर रात की घटना है। पूरी वारदात का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है।

### आपसी रंजिश पर की युवक की हत्या

**रायपुर, 26 अगस्त।** पुराने विवाद के चलते शहर के गुढ़ियारी इलाके के रामनगर में एक युवक ने दूसरे युवक की हत्या कर दी है। हत्यारे का नाम भूपेंद्र 30 वर्ष है, वहीं मृतक वासु उर्फसूरज सिन्हा है। आरोपी ने मृतक के सिर पर गमला मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भोपू उर्फभूपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है।



**जगदलपुर 26 अगस्त।** यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण मंदिर, गोवर्धन चौक (समुद्र चौक) में आयोजित कृष्ण जन्म्।मी पर्व के पावन अवसर पर श्री कृष्ण मंदिर में भगवान का आशीरवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यादव समाज के वरिष्ठजनों से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26